Ranchi ● Wednesday, 26 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 44 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
महाशिवरात्रि आज
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

SHARE

सेंसेक्स	:	74,602.12
निफ्टी	:	22,547.55

SARAFA

सोना	:	8,250
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

महाकुंभ : संगम में आज आखिरी पुण्य स्नान

PRAYAGRAJ : बुधवार को यानी महाशिवरात्रि के दिन महाकुंभ का आखिरी दिन है। इस दिन श्रद्धालु संगम में अंमित पुण्य स्नान करेंगे। मंगलवार को सुबह से ही मेले में जबरदस्त भीड़ रही, हालांकि दोपहर बाद भीड़ कम हो गई। 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी बेटी राशा के साथ संगम में डुबकी लगाई। वहीं, महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है। मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। आखिरी स्नान से पहले फ्लाइट का किराया बढ़ गया है।

ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका मैच बारिश के कारण रद्द

NEW DELHI : चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया है। मंगलवार को रावलपिंडी स्टेडियम में दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में मुकाबले का रद्द करने का फैसला लिया गया है। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले हैं। ग्रुप-बी की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 और साउथ अफ्रीका नंबर-2 पर हैं। दोनों के पास 3-3 अंक हैं। दोनों चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार आमने-सामने होने वाली थीं। दोनों ने एक-एक मैच जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड तो साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया था।

एम्स में चार पैरों वाले बच्चे का हुआ ऑपरेशन

NEW DELHI : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में चार पैरों वाले (मेडिकल टर्म में अपूर्ण परजीवी) बच्चे का सफल ऑपरेशन किया गया। यह विसंगति 10 लाख जन्म पर एक बच्चे में देखी जाती है। पिछले 17 वर्षों से कई दिक्कतों का समाना कर रहे उत्तर प्रदेश का रहने वाला किशोर अब स्वस्थ्य है और उसे एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह जटिल सर्जरी करने वाली डॉक्टरों के टीम ने बताया कि एम्स में यह ऐसा पहला मामला है। इससे पहले कम उम्र में ही इस तरह की विसंगतियों का इलाज किया जाता रहा है। एम्स के चिकित्सक डॉ वीके बंसल ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 17 वर्षीय एक लड़का जनवरी के अंतिम सप्ताह में अपने पेट से पूरी तरह विकसित निचले अंग के साथ हमारे क्लिनिक में आया था। जन्म के बाद से ही वह इस अतिरिक्त अंग के साथ रहता था। जैसे-जैसे लड़का बड़ा हो रहा था उसके परजीवी अंग में स्पर्श, दर्द और तापमान महसूस होता था। उसे कभी-कभी अपने पेट और पार्श्व भाग में हल्का दर्द महसूस होता था।

विधानसभा के बजट सत्र में छाया रहा पेपर लीक का मामला, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

विपक्ष का हंगामा, सीबीआई जांच की मांग

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने जैक पेपर लीक मामले पर जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष के सदस्य वेल में चले गए और खूब नारेबाजी हुई। इस दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया कि पूरे राज्य में माफिया सक्रिय हैं। इसका रैकट पूरा राज्य में फैला हुआ है। इन माफिया को सरकार का संरक्षण भी प्राप्त है। विपक्ष ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, राज्य में हर प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक हो रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो छात्रों का भविष्य अंधकार में है। विपक्ष ने सरकार से जैक पेपर लीक मामले पर सीबीआई जांच की आवाज उठाई। इस बीच विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदस्यों को समझाने- बुझाने की कोशिश की, इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

27 हजार रुपये मानदेय की मांग : दूसरी ओर विधायक निरल पूर्ति के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मानदेय के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नियमावली गठन की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। निरल पूर्ति ने केंद्र की तर्ज पर 27 हजार रुपये मानदेय देने की मांग की। समीर कुमार मोहंती के डीएलएड प्रशिक्षण बंद होने के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नई शिक्षा नीति में चार साल के प्रशिक्षण का प्रावधान है। फिलहाल यह मामला विचाराधीन है। 2030 के बाद डीएलएड की पढ़ाई समाप्त हो जाएगी। विधायक जयराम महतो के स्मार्ट क्लास योजना के सवाल पर कहा कि इसका कागजात उपलब्ध करा दिया जाएगा। विधायक राज सिन्हा ने मॉडल डिग्री कॉलेजों में स्टूडेंट्स और फैकल्टी का सवाल उठाया। इस संबंध में उनके अल्प सूचित प्रश्न पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने स्वीकार किया कि उच्च शिक्षा के लिए राज्य के हर जिले में 10 से 18 करोड़ की लागत से मॉडल डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए थे। हालांकि आंशिक तौर पर ही यह स्वीकार किया कि कॉलेजों में पर्याप्त फैकल्टी के अभाव में स्टूडेंट्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। बताया कि आवश्यकता आधारित शिक्षकों के द्वारा पठन- पाठन कॉलेजों में कराया जा रहा है। मॉडल डिग्री कॉलेजों में संदर्भित विषयों में शिक्षकों के पदस्थापन के सवाल पर बताया गया कि राज्य के 9 यूनिवर्सिटीज और अंगीभूत महाविद्यालयों में 2416 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की जानी है।

सदन शुरू होने के पहले ही वेल में चले आए विपक्षी विधायक, कहा- छात्रों का भविष्य अंधकार में

- पूरे राज्य में माफिया के सक्रिय होने का लगाया आरोप, बोले- फैला हुआ है रैकेट
- अध्यक्ष रबींनाथ महतो के समझाने-बुझाने के बाद शुरू हुई सदन की कार्यवाही
- नियमों, परंपराओं और परिपाटियों का नए सदस्य करें गहन अध्ययन

जैक पेपर लीक केस में गिरिडीह से मास्टरमाइंड सहित 6 विद्यार्थी अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की दसवीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस ने गिरिडीह से मास्टरमाइंड सहित 6 छात्रों को अरेस्ट किया है। उन्हें कोडरमा थाना लाया गया। कोडरमा और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से तड़के चार बजे गिरिडीह के नागर थाना क्षेत्र में यह बड़ी कार्रवाई की। कोडरमा एसडीपीओ अनिल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने न्यू बरबंडा में एक मकान पर रेड मारकर पकड़ा गया। पूछताछ में एक आरोपी कमलेश कुमार ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड, जो इस बार मैट्रिक परीक्षा दे रही है, उसे देने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर पेपर लीक की तैयारी की थी। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पेपर लीक मामले में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय व लाल मोहन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सभी छात्र हैं, पर प्रश्नपत्र पाने के लिए ये मजदूर बन गए। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इन्हें रांची से गिरिडीह लाए गए प्रश्नपत्रों की ढुलाई के काम में लगाया गया था।

- गर्लफ्रेंड को देने के लिए मजदूर बनकर किया पेपर लीक, ढुलाई के दौरान बंडल से निकाला
- मोबाइल से प्रश्नपत्र का पीडीएफ बनाकर कर दिया था वायरल

सील काटकर निकाला गया था पेपर : डीजीपी

जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह से प्रश्नपत्र लीक हुआ था। जब सील बंद प्रश्नपत्र ले जाया जा रहा था, तभी गिरिडीह में एक व्यक्ति ने ब्लेड से सील काटकर पेपर निकाल लिया था। इसके बाद उसने प्रश्नपत्र की फोटो कॉपी कराई और उसे वायरल कर दिया। डीजीपी ने यह भी बताया कि इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता (किंगपिन) की गिरफ्तारी हो चुकी है। उससे गहन पूछताछ की जा रही है। इस मामले से जुड़े और भी कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

मुझे दो हाइवा बालू चाहिए, कब दिलाएंगे कितना पैसा देना होगा बताएं : सीपी सिंह

बालू के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

सीपी सिंह ने कहा कि मैं बिहार से बालू मंगवा कर काम करवा रहा हूं। जेएसएमडीसी से भी बात की तो पता चला कि ट्रक लेकर बालू के लिए जाना होगा। 2013 से जब जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब तब बालू चर्चा में रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे दो हाइवा बालू चाहिए। कब दिलाएंगे, कितना पैसा देना होगा बताएं। सीपी सिंह ने पूछा कि कितने गरीबों को फ्री में बालू दिया गया है।

ऑनलाइन आवेदन करने पर घर तक पहुंचेगा बालू : विधायक मनोज यादव ने कहा कि बालू चोरी से मिल रहा है। बिहार से रांची बालू आ रहा है। नवीन जायसवाल ने कहा कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देने के बजाय पेट्रोल और डीजल के रेट पूछ लिये। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदन में बालू को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विधायक नवीन जायसवाल ने पूछा कि कितने लाभुकों को अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बालू मिला है। एक हाइवा बालू कितने में मिल रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आमजनों को बालू देने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। टैक्स के दायरे में नहीं आने वालों को फ्री में बालू मिल रहा है। 444 बालू घाटों में से 261 घाटों का एलओआई निर्गत हो चुका है। 159 बालूघाटों का एकरारनामा निष्पादित हो चुका है। 64 बालू घाटों को पर्यावरण स्वीकृति मिल चुकी है। लाभुक खुद सुविधानुसार बालू घाटों से बालू ले जाते हैं। 21 लाख सीएफटी बालू उपलब्ध है। 573 लाभुकों को एक लाख 63 हजार सीएफटी बालू दिया गया है। इस जवाब के बाद विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल और मनोज यादव ने सत्ता पक्ष को घेरा। ऑनलाइन आवेदन करने से घर तक बालू पहुंच जाएगा।

हजारीबाग में बन रहा 500 बेड का अस्पताल : डॉ. इरफान अंसारी

सदन में ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप यादव ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जाएगा। रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। मथुरा प्रसाद महतो द्वारा पूछे गए डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है।

गतिरोध सदन की परंपरा नहीं : स्पीकर

बता दें कि बजट सत्र के दूसरे दिन भी नेता प्रतिपक्ष के बिना ही सदन चला। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा, हमलोग यहां जनता की ढेरों अपेक्षाओं के साथ चुनकर आते हैं। राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हों। लेकिन, यह भी सत्य है कि कई बार गतिरोध के कारण जरूरी कार्य नहीं हो पाते हैं। इसलिए, मेरा आग्रह है कि सदन में गतिरोध न हो। आलोचना हो, विचार व्यक्त हो, अभिव्यक्ति हो। गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। स्पीकर ने कहा कि इस सदन में पहली बार 21 नए सदस्य चुनकर आए हैं और वे पहली बार बजट सत्र में भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : ग्रामीण विकास मंत्री ने दी जानकारी

लाभार्थियों को एक साथ मिलेंगे ₹7500 : दीपिका

होली या महिला दिवस पर खातों में ट्रांसफर की जाएगी तीनों किस्त

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को जल्द ही एक साथ तीन माह- जनवरी, फरवरी और मार्च की राशि के रूप में 7500 रुपये मिलेंगे। यह जानकारी झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत होली या महिला दिवस के अवसर पर यह राशि लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। बजट सत्र के दूसरे दिन जब विधानसभा में इस योजना से संबंधित सवाल उठाए गए, तो मंत्री ने कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी है। लेकिन, अब यह समस्या हल कर दी गई है।

सरकार योजना का पूरा लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध

मंत्री ने यह भी बताया कि झारखंड सरकार लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजना का पूरा लाभ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत पहले लाभार्थियों को 1000 रुपये की राशि दी जाती थी। लेकिन, हेमंत सोरेन सरकार ने इसे बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया था। हालांकि, कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण इस राशि के वितरण में देरी हुई थी। अब इसमें सुधार करते हुए जल्द ही तीन किस्तों की राशि एक साथ ट्रांसफर की जाएगी।

- विधानसभा में सरकार से पूछे गए सवाल का मिनिस्टर ने दिया जवाब
- बेटियों के हाथों को मजबूत करने के लिए बनाई गई है योजना

महिलाएं आर्थिक रूप से बनेंगी सशक्त

मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। वे सुनिश्चित करेंगे कि इस योजना का लाभ सभी लाभार्थियों को बिना किसी अड़चन के मिले। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की क्षमता पर विश्वास जताया और कहा कि सरकार अपने वादों को पूरा करने में सक्षम है। बता दें कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने भी पिछले दिनों कहा था कि जब महिलाएं सशक्त होगी तो हमारा समाज और राज्य भी सशक्त होगा।



राजधानी में सुबह-सुबह लोगों ने महसूस किए भूकंप के झटके

NEW DELHI : बुधवार को सुबह-सुबह राजधानी रांची में भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। लोगों को धरती डोलने का एहसास सुबह 6 बजे हुआ। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी बताया जा रहा है। हालांकि इसकी तीव्रता कितनी थी, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस भूकंप से किसी के जान-माल के क्षति नहीं हुई। गौरतलब है कि इसके पहले भूकंप के झटके बंगाल और ओडिशा में देखने को मिला था। इसकी तीव्रता 5.5 बताई जा रही है। इससे पहले रात के वक्त दिल्ली में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इससे पहले 2 नवंबर को भी रांची में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई थी। उस वक्त भूकंप का केंद्र सरायकेला खरसावां था। इसके बाद इसी माह 4 फरवरी को भी रांची एयरपोर्ट पर भूकंप के झटके महसूस हुए थे। हालांकि सीआईएसफ की मुस्तैदी की वजह से आपाधापी की स्थिति नहीं बनी थी। अलार्म बजते ही सीआईएफ के जवान चौकन्ने हो गए थे। विशेषज्ञों के अनुसार, भूकंप के दौरान लिफ्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह फंस सकती है या गिर सकती है। घर के अंदर हैं तो दरवाजे या खिड़कियों से दूर रहना चाहिए और अपने सिर और गर्दन को अपने हाथों से ढककर जमीन पर बैठ जाना चाहिए भूकंप के दौरान बाहर न निकलें।

- बंगाल और ओडिशा में डोली धरती रिक्टर स्केल पर 5.5 बताई गई तीव्रता

इतिहास गवाह है- भारत की समृद्धि में ईस्टर्न इंडिया का था बड़ा रोल : प्रधानमंत्री

AGENCY GUWAHATI : मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के दौरान असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर 6 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह डबल इंजन सरकार का प्रभाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वी भारत और नॉर्थ-ईस्ट की भूमि आज नए भविष्य की शुरूआत करने जा रही है। एडवांटेज असम पूरी दुनिया को असम की संभावना और प्रगति से जोड़ने का महाअभियान है। इतिहास गवाह है कि पहले भी भारत की समृद्धि में ईस्टर्न इंडिया का बहुत बड़ा रोल था।

- पीएम ने एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का किया उद्घाटन
- कहा- भाजपा शासन में असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर हुआ 6 लाख करोड़
- अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा हमारा देश

दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा

मोदी ने कहा कि इस वैश्विक अनिश्चितता के बीच भी दुनिया के कई विशेषज्ञ एक बात को लेकर निश्चिंत हैं और वो है भारत का तेज विकास। भारत पर इस भरोसे की बहुत ठोस वजह है। आज का भारत, आने वाले 25 सालों की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए, एक के बाद एक कदम उठा रहा है, बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। आज दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है जो बहुत तेजी से हुनरमंद हो रही है। आज दुनिया को भारत के नव मध्यम वर्ग पर भरोसा है जो गरीबी से बाहर निकलकर नई आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया को भारत के 140 करोड़ लोगों पर भरोसा है जो राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निरंतरता का समर्थन करते हैं।

चिंताजनक पॉल्यूशन कंट्रोल में लापरवाही भविष्य में बन सकती है बड़ा संकट

धान-गेहूं का उत्पादन घटा रहा बिजली संयंत्रों से निकला प्रदूषण

144 बिजली संयंत्रों की गतिविधियों और उपग्रह से मिले आंकड़ों का विश्लेषण

प्रोसिडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज पत्रिका में प्रकाशित की गई है रिपोर्ट

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : पहले चीन दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश था। अब उसका स्थान भारत ने ले लिया है। देश की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा अपने भोजन के रूप में गेहूं और चावल का इस्तेमाल करता है। यह विदित है कि देश में बिजली की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बिजली संयंत्रों का संचालन कोयला के माध्यम से ही अधिक होता है। हाल के विशेष शोध में यह तथ्य सामने आया है कि बिजली संयंत्रों से निकला प्रदूषण हमारे कृषि क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बिजली संयंत्रों से निकाला नाइट्रोजन डाइऑक्साइड वातावरण में लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधे असर गेहूं और धान के उत्पादन पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने बताया है कि पिछले कुछ वर्षों में इस प्रदूषण के कारण देश के कई भागों में 10 प्रतिशत के लगभग धान और गेहूं के उत्पादन में कमी आई है। यह स्थिति हमारे किसानों के लिए अत्यंत विकेट है। वातावरण में नाइट्रोजन ऑक्साइड का बढ़ना किसानों के लिए महंगा साबित हो रहा है।

- किसानों के लिए महंगा साबित हो रहा उत्सर्जित नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
- स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं ने इस गंभीर स्थिति का किया है विशेष अध्ययन

100 किलोमीटर के दायरे में प्रदूषण के स्तर को बढ़ा रहे बिजली संयंत्र

आसपास की फसलें हो रहीं प्रभावित

आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चला है कि यदि इन संयंत्रों से निकलने वाले नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जाए तो गेहूं और धान की पैदावार में सुधार हो सकता है, जिससे किसानों को सालाना 82 करोड़ डॉलर तक का आर्थिक लाभ हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बिजली संयंत्र 100 किलोमीटर के दायरे में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के स्तर को बढ़ा रहे हैं। इससे आसपास की फसलें प्रभावित हो रही हैं। अगर मुख्य फसल सीजन (जनवरी-फरवरी और सितंबर-अक्टूबर) के समय इस प्रदूषण को नियंत्रित किया जाए तो धान की पैदावार सालाना 42 करोड़ डॉलर और गेहूं की 40 करोड़ डॉलर तक का फायदा दे सकती है। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में, जहां बिजली उत्पादन में कोयले की बड़ी हिस्सेदारी है, वहां नाइट्रोजन डाइऑक्साइड प्रदूषण में कोयले का योगदान 13 से 19 फीसद तक है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में यह योगदान 3 से 5 प्रतिशत के बीच है।

अपहृत युवती को वापस लाने को सांसद ने किया चक्का जाम, पुलिस ने मांगे 72 घंटे

जाम से लगी थी वाहनों की लंबी कतार, आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से युवती के अपहरण को लेकर दो संप्रदायों का तनाव बढ़ता जा रहा है। अपहृत युवती को केरल से वापस लाने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पहले उन्होंने प्रशासन को 72 घंटे की मोहलत दी। इसके बाद 24 फरवरी को मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन को चुनौती दी। इसके बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को चितरपुर प्रखंड में जाम कर दिया। चक्का जाम की वजह से गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जिला प्रशासन ने सांसद को 72 घंटे में लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। आंदोलन के बाद

स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर बैठे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ● फोटोन न्यूज

सांसद ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्परता दिखाई होती तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस को लड़की को वापस लाने की मांग रखी गई थी। आज चक्का जाम कार्यक्रम में प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की वजह से जनता में आक्रोश है और समाज में अफवाहें फैल रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को सचेत रहने की आवश्यकता है। चितरपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार जिले के तमाम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस दौरान बंद समर्थकों को अपनी दुकान खोलने की बात कही। साथ ही जिस मोहल्ले में युवक और युवती का घर है, उस क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं, पुलिस कर रही कार्रवाई : डीसी

RAMGARH : रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में दो समुदायों के युवक और युवती के एक साथ फरार होने के बाद समाज में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। इस स्थिति को सामान्य करने के लिए डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने खुद ही मोर्चा संभाला। चितरपुर बाजार से लेकर उन गलियों में भी पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया, जहां युवक और युवती का घर है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात युवती और युवक के शादी की है, कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। वह अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं।

दावा : युवती ने परिजनों को भेजा वीडियो मैसेज

कहा- मैंने स्वेच्छा से की है शादी

RAMGARH : रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र चितरपुर, सोनार मोहल्ला निवासी युवती को घर लाने के लिए बवाल मचा है। इस बीच दावा किया जा रहा है कि आशा वर्मा ने अपने परिजनों को वीडियो मैसेज भेजा है। यह वीडियो आशा की बहन के सामने ही रिकॉर्ड हुआ है। कहा जा रहा है कि लड़की ने लव जिहाद की बातों को नकार दिया है। उसने कहा है कि उसने स्वेच्छा से शादी की है ना कि शादी के लिए कोई जबरदस्ती की गई है। मैं केरल में अपने स्वेच्छा से गालिब के साथ गई हूं। शादी की हूं और खुश हूं, मैं बालिग हूं और बहुत जल्द में अपने घर आ रही हूं। जानकारी के अनुसार युवती छह बहन और एक भाई के साथ घर में रहती थी। माता-पिता जेवर का दुकान दर्जी मोहल्ले में ही संचालित करते हैं। चार बहनों की शादी पहले ही हो चुकी है। ऐसी चर्चा है कि दुकान में बैठने के दौरान ही उसका संबंध मो गालिब के साथ जुड़ा। काम के सिलसिले में गालिब कुछ वर्षों तक दुबई में भी रहा है। इधर माता-पिता ने आशा की शादी तय कर रहे थे। जल्द ही इंगेजमेंट और शादी की तारीख तय होने वाली थी। इसी बीच 9 फरवरी को युवती मो. गालिब के साथ केरल चली गई।

चांडिल में गजराज का उत्पात, सीएम के मामा के घर का तोड़ा दरवाजा

CHANDIL : दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी के गज परियोजना से भटककर एक विशाल हाथी मंगलवार सुबह चांडिल शहरी क्षेत्र में पहुंच गया। यह हाथी सबसे पहले चांडिल बाजार के दुर्गा मंदिर प्रांगण में देखा गया, जहां उसने मंदिर के गेट और चहारदीवारी को तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं, यह गजराज राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू के घर तक भी पहुंच गया। वहां उसने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर रखे जन वितरण प्रणाली (ढऊर) के अनाज को खा गया। हाथी के उत्पात से घर के अन्य सामान भी बिखर गए और भारी नुकसान हुआ। गजराज के आतंक से न केवल घरों में तबाही मची, बल्कि उसने घर के बाहर खड़ी मारुति वैन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार सुबह इस घटना की सूचना मिलते ही चांडिल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाल के दिनों में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को जल्द से जल्द इन गजराजों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा हो सके।

BRIEF NEWS

वाटर शेड यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

LOHARDAGA : लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड में मंगलवार को झारखंड राज्य जलछाजन मिशन योजना ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत वाटर शेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप शेखावत द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जीप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि किसान सरकार को योजना में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने अपने घर और गांव में योजनाओं का चुनाव करें। इसके तहत मेढ़ बंधी, तालाब निर्माण, डोभा निर्माण मेढ़ में वृक्षारोपण और कृषि की नई तकनीक अपनाकर अपनी आजीविका को अपनाए और जीवन मे आगे बढ़े। आज कई ऐसे किसान हैं जो परंपरागत खेती से हटकर एस्ट्रॉबेरी, गन्ना, फूल जैसे खेती अपना कर आगे बढ़ रहे हैं। इसे हर किसान को अपनाने की जरूरत है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप शेखावत ने कहा कि हमारा जिला ग्रामीण जिला है और यहां निवास करने वाले किसान हैं। ऐसे में जरूरत है कि पानी का रख रखाव करते है। कम पानी मे ज्यादा कृषि की तकनीक पर ध्यान दिया जाए। आज जिन किसानों को सम्मानित किया जा रहा है।

बिष्टपुर के पोस्टल पार्क में युवाओं ने दिया धरना

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर के पोस्टल पार्क में अप्रेंटिस की ट्रेनिंग करने वाले युवाओं ने धरना प्रदर्शन किया है। युवाओं का कहना है कि उन्होंने दो साल तक यहां टाटा स्टील में ट्रेनिंग की। अब टाटा स्टील उन्हें नौकरी नहीं दे रही है। उन्हें टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज में नौकरी देने की बात की जा रही है। इसे वह लोग कतई नहीं मानेंगे। युवाओं ने कहा कि उनकी मांग माने जाने तक प्रदर्शन चलेगा। युवाओं ने कहा कि उन्हें टाटा स्टील या उसकी सब्सिडायरी कंपनी में नौकरी देने की बात कह कर अप्रैंटिंस की ट्रेनिंग दिलाई गई थी।

मानगो में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि

JAMSHEDPUR : मानगो अंचल के देवघर मौजा में देवघर ग्रामसभा और बिरसा सेना व अन्य कई आदिवासी संगठनों ने सरकारी खाता न० 202, प्लॉट सं० 1111, रकवा 39 डी० प्लॉट संख्या 1119, रकवा 49 डी०, प्लॉट सं० 1120, रकबा 18 डी० कुल रकवा 1.एकड़ 06 डी० सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान मांझी बाबा पलटन सोरेन, बिरसा सेना के केंद्रीय अध्यक्ष दिनकर कच्छप, टाईगर मुर्मू , बसू हांसदा, अजय जमुदा, विशाल बास्के , कोका मुर्मू , बिजय हेंम्ब्रम,दीपक समाद , सिलय सोय , साहेबराम मुर्मू , सुरेश पुर्ति आदि मौजूद रहे।

कुंभ से लौट रही एसयूवी ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की हुई मौत

जीटी रोड पर गेहरा मोड़ के पास हुआ हादसा, चार लोग घायल

AGENCY DHANBAD : धनबाद में तेज रफ्तार के कारण लगातार दुर्घटनाए हो रही है। मंगलवार को एक बार फिर सब गोविंदपुर स्थित जीटी रोड पर गेहरा मोड़ के समीप कुंभ से लौट रही एक कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इसमे मौके पर ही ऑटो चालक की जान चली गई, जबकि ऑटो सवार चार लोग घायल हो गए। घटना में मृत ऑटो चालक की पहचान गोविंदपुर निवासी जितेंद्र राय के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। वहीं, मृत ऑटो

घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार ● फोटोन न्यूज

चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के जाया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुंभ स्नान कर वापस पश्चिम बंगाल लौट रहे श्रद्धालुओं की क्रेटा एसयूवी कार ने जीटी रोड पर यात्रियों से भरे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे है।

रांची-पटना जनशताब्दी एक्स. पर पथराव, यात्रियों में दहशत

RANCHI : ट्रेनों में पथराव की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। ताजा मामला रांची से पटना जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस का है, जिस पर जमकर पत्थरबाजी हुई। इस अप्रत्याशित हमले से ट्रेन में बैठे यात्री दहशत में आ गए। पथराव से खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए, और पत्थर सीधे अंदर तक आ गिरे। यात्रियों के मुताबिक, पथराव की वजह सीट को लेकर हुआ विवाद था। ट्रेन में पहले से कुछ यात्री आरक्षित सीटों पर बैठे थे। असली यात्री के पहुंचने पर उन्होंने सीट छोड़ने से इनकार कर दिया और बहाना बनाया कि वे पहाड़पुर स्टेशन पर उतर जाएंगे।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

PALAMU : पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भाईबिगहा में मंगलवार को पुलिस ने एक महिला का शव उसके घर में फंदे से लटका हुआ बरामद किया। महिला की पहचान इरफान खान की पत्नी खुशबू परवीण(28) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में खुशबू के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट की जायेगी। शुरूआती छानबीन में पुलिस इसे खुदकुशी मानकर अनुसंधान कर रही है। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह खुशबू का शव कमरे में फंदे से झूलता मिला। फंदे से शव को लटका देखकर खुशबू के ससुराल पक्ष के लोग सकते में



मृतका की फाइल फोटो

पड़ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से शव को नीचे उतारा। परिजन के अनुसार घटना के वक्त मृतका के पति घर पर नहीं थे। इरफान सउदी अरब में हैं। वहीं रहकर नौकरी करते हैं। खुशबू ने वर्ष 2012 में इरफान खान से प्रेम विवाह किया था। इरफान के परिवार वाले इस शादी के खिलाफ थे। पंचायत के हस्तक्षेप के बाद यह विवाह संपन्न हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं।

जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज में एबीवीपी ने की तालाबंदी

CHAIBASA : मनोहरपुर डिग्री कॉलेज के बाद अब जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। यह आंदोलन कॉलेज में नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग, शौचालय, पेयजल, रिक्त पदों पर प्रोफेसरों की नियुक्ति और बिजली आपूर्ति जैसी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किया जा रहा है।आंदोलन का नेतृत्व एबीवीपी के जिला संयोजक अभिनाश कुमार कर रहे हैं। छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।धरना स्थल पर हरिचरण सांडिल, पप्पू गौड़, शशिभूषण समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मनोहरपुर डिग्री कॉलेज में तालाबंदी चौथे दिन जारी

MANOHARPUR : मनोहरपुर डिग्री कॉलेज में विभिन्न मांगों को लेकर अभाविप द्वारा अनिश्चितकालीन तालाबंदी हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। आंदोलन के तहत छात्रों ने यहां चौथे दिन भी ताला बंद रखा। मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। आंदोलन के कारण चौथे दिन भी पठन पाठन ठप रहा। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा।

टाटा-रांची के बीच वंदे मेट्रो ट्रेन की मांग

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी की बैठक मंगलवार को कोलकाता में हुई। बैठक में जेडआरयूसीसी के सदस्य अरूण जोशी ने टाटानगर से यात्री सुविधा से जुडे अपने सुझावों को रखा। टाटानगर से रांची के बीच नई वंदे मेट्रो ट्रेन शुरू करने और हावडा मुंबई लोकमान्य तिलक वंदे भारत (स्लीपर एडीशन) वाया टाटानगर के लिए उन्होंने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजने की बात कही। टाटानगर से चल रही राउरकेला और हावडा वंदे भारत के दिन को परिवर्तित करते हुए यहां से सातों दिन इस ट्रेन को चलाने की मांग रखी गई। टाटानगर कोचिंग डिपो में वाशिंग लाइन बढ़ाने या कोचिंग डिपो को कहीं और बनाने की मांग है। टाटानगर रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश क्षेत्र में ओला, उबर और रैपिडो के लिए पार्किंग स्थल आवंटित करने की भी मांग की गई है।

गया पुल के चलते धनबाद में फिर लगा भयंकर जाम, वाहनों की रही लंबी कतार

AGENCY DHANBAD : धनबाद के प्रमुख मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, विशेष रूप से बैंक मोड़ से लेकर श्रमिक चौक तक। लेकिन मंगलवार को यहां भयंकर जाम रहा। श्रमिक चौक से राजू यादव चौक और बेकारबांध तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। इस मार्ग पर जाम की समस्या मुख्य रूप से गया पुल के कारण उत्पन्न हो रही है। गया पुल का आकार संकरा है, जिससे दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, जबकि इस पुल के दोनों ओर चौड़ी सड़कें हैं। इस जाम से बचने के लिए केंद्रीय, कतरास और झरिया से आने वाले लोगों को कुसुंडा या हावड़ा मोटर्स होते हुए बरमसिया की ओर रुख करना चाहिए। वहीं, सरायढेला और बरवाअड्डा से आने वाले लोगों को अन्य मार्गों से बैंक मोड़ तक पहुंचना होगा।

जाम के कारण वाहनों की लगी लंबी कतार ● फोटोन न्यूज

तीन साल से लटका है ब्रिज का चौड़ीकरण

गया पुल का चौड़ीकरण तीन साल से लटका हुआ है, हालांकि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पथ निर्माण विभाग ने इसके लिए 25 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला था, लेकिन शीला कंस्ट्रक्शन कंपनी ने टेंडर की राशि में 20 प्रतिशत अधिक दर डाली है। ऐसे में अब तक इस परियोजना पर निर्णय नहीं हो पाया है। इसके अलावा, चार साल पहले डीएमएफटी फंड से गया पुल के चौड़ीकरण और अंडरपास बनाने की योजना बनी थी, लेकिन डीपीआर तैयार नहीं होने के कारण इस दिशा में भी काम रुक गया है।

अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में सौर, पवन, जलविद्युत व ऊर्जा भंडारण संयंत्र शामिल

टाटा पावर ने 5000 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन को असम से किया एमओयू

PHOTON NEWS JSR : टाटा पावर ने मंगलवार को एडवांटेज असम 2.0 में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टाटा पावर ने असम सरकार के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में 30,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राज्य में सौर, पवन, जलविद्युत और ऊर्जा भंडारण सहित 5000 मेगावाट तक की अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने और उनका समर्थन करने का काम किया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन पर असम सरकार के प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी और टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और असम सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के तहत, असम सरकार लगभग 20,000 एकड़ की अतिक्रमण-मुक्त सरकारी भूमि की पहचान और आवंटन को पट्टे के आधार पर सुगम बनाएगी और सौर, पवन, जलविद्युत और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के लिए उपयुक्त निजी भूमि के अधिग्रहण में सहायता करेगी। इसके अतिरिक्त, राज्य निर्बाध ट्रांसमिशन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और राज्य एजेंसियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा पार्कों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास करेगा। इस पहल में ग्रुप कैप्टिव साइट्स के लिए भूमि की पहचान करना, उद्योगों और चाय बागानों को असम की भूमि आवंटन और औद्योगिक नीतियों के तहत स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच प्रदान करना भी शामिल होगा।

परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए, सरकार ने वैधानिक अनुमोदन, वित्तीय प्रोत्साहन और अक्षय क्षेत्र में नवाचार के लिए अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के लिए प्रतिबद्धता जताई है। परियोजना कार्यान्वयन और संचालन के लिए प्रशिक्षित कार्यबल बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

असम ने अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, अपने समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके 14,487 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा क्षमता को अनलॉक किया है, जिसमें सौर ऊर्जा सबसे आगे है। राज्य ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसका लक्ष्य 2027 तक 500 मेगावाट सौर क्षमता हासिल करना है। टाटा पावर की सहायक कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने राज्य भर में अक्षय ऊर्जा को अपनाने और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छत पर सौर परियोजनाओं को बढ़ाने पर केंद्रित है, साथ ही 3000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे असम के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, ₹ये समझौता ज्ञापन अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, जो सौर, पवन, जल और ऊर्जा भंडारण में असम की विशाल क्षमता का लाभ उठाते हैं। मजबूत नीति समर्थन, बुनियादी ढांचे के विकास और कौशल वृद्धि पहलों के साथ, यह सहयोग न केवल राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। टाटा पावर टिकाऊ ऊर्जा समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो असम सरकार के हरित भविष्य के दृष्टिकोण और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ संरेखित है।₹ राज्य में, टाटा पावर ने पहले ही 20 मेगावाट की मजबूत सौर रूफटॉप क्षमता, 300 से अधिक ईवी होम चार्जर और 20 से अधिक सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ महत्वपूर्ण प्रगति की है। ये प्रयास राज्य के हरित ऊर्जा समाधानों और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के प्रयासों में योगदान करते हैं।

मैट्रिक की परीक्षा लिखते धराया 11वीं का छात्र

पुलिस गिरफ्त में छात्र ● फोटोन न्यूज

PALAMU : जिले के सतबरवा के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक की सोशल साइंस की परीक्षा दे रहा एक छात्र पकड़ा गया है। उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उड़नदस्ता कृष्ण मुरारी तिर्की ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक फर्जी छात्रा को पकड़ा गया है। पकड़ा गया छात्र स्तरोन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव की जगह परीक्षा लिख रहा था, जिसका रोल नंबर 59 और रोल कोड संख्या 31135 है। मजिस्ट्रेट राजीव रंजन कुमार, एएसआई सुख सागर सिंह और पुलिस बल के जवानों ने वीक्षक की पहचान पर मुन्ना भाई की तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है। वीक्षक रीना कुमारी ने बताया कि गहन जांच के दौरान छात्र को पकड़ा गया। कॉलेज सुपरीटेंडेंट अजय प्रसाद छात्र के पकड़े जाने के समय मौजूद थे। उन्होंने कहा कि छात्र को पूछताछ के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। फर्जी परीक्षार्थी की पहचान ललेंद्र कुमार के रूप में हुई है। 18 फरवरी से मैट्रिक के एग्जाम में नॉलेज यादव के नाम पर परीक्षा दे रहा था।

BRIEF NEWS

आरबीएल बैंक ने रांची में खोला पहला ब्रांच

RANCHI : मंगलवार को आरबीएल बैंक की रांची में पहली शाखा का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान परेश गट्टानी, राजेश बथवाल, हेमंत कुमार और विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। वहीं आरबीएल बैंक के सुदीप चटर्जी, कुमार अभिषेक और गोपाल कुमार भी मौजूद थे। इस दौरान बताया गया कि आरबीएल बैंक की यह शाखा झारखंड में दूसरी और भारत में 58वीं शाखा है। बैंक का नारा अपनों का बैंक है, जो अपने ग्राहकों को बेहतर ब्याज दर और अन्य बैंकिंग उत्पादों की सुविधाएं प्रदान करता है। सुदीप चटर्जी ने आगामी समय में अन्य शाखाओं के उद्घाटन का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमारा बैंक अपने सेविंग्स खातों में 75% तक ब्याज देने का दावा करता है, जो इसे एक आकर्षक विकल्प बनाता है।

मौसम साफ होते ही बढ़ने लगा तापमान

RANCHI : राज्य भर में मौसम साफ होते ही तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाने लगी। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोमवार को यह 27.1 डिग्री था। इसी प्रकार जमशेदपुर में 30.5 डिग्री के मुकाबले मंगलवार को तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा चाईबासा में भी मंगलवार को सोमवार की तुलना में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। यहां का तापमान 31.8 डिग्री के मुकाबले 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में मंगलवार को दिनभर मौसम साफ रहा, दोपहर में आंशिक बादल छाया रहा। तीन चार दिनों पूर्व हुई बारिश के कारण धूप में तपिश नहीं है। वहीं शाम में ठंड का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार 27 से एक मार्च तक राज्य के उत्तर झपश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है।

कमल भूषण हत्याकांड
छोटू कुजूर की जमानत याचिका पर सुनवाई कल

RANCHI : जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर के भाई छोटू कुजूर की जमानत याचिका पर 27 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में अभियोजन गवाही पूरी हो गयी है। अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्य के तौर पर एफएसएल की रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश की जा चुकी है। साथ ही हत्याकांड का आरोपी मुनावर अफाक अब सरकारी गवाह बन गया है, उसने मुख्य आरोपियों के खिलाफ गवाही दी है। बता दें कि कमल भूषण की हत्या की 30 मई 2022 को रातू रोड स्थित गैलेक्सी मॉल के पास हुई थी।

आज सुबह 5 से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों की नहीं होगी एंट्री

महाशिवरात्रि को लेकर राजधानी के ट्रैफिक सिस्टम में किया गया बदलाव

- शिव बारात को ध्यान में रखकर छोटे वाहनों के मार्ग भी किए गए निर्धारित
- बोड़ेया तक ही जा सकेंगे कांके से रांची आने वाले सभी वाहन
- बिरसा चौक तक ही जा सकेंगी चाईबासा और खूंटी से आने वाली गाड़ियां

PHOTON NEWS @ RANCHI

रांची : बुधवार को राजधानी रांची में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में विभिन्न स्थानों से आने वाले वाहनों के लिए नए रूट निर्धारित किए गए हैं, ताकि शिव बारात में किसी तरह की असुविधा न हो। ट्रैफिक रूट में बदलाव के अनुसार बड़े वाहनों की नो ट्री का समय सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक रहेगा। इसी तरह छोटे वाहनों का भी रूट मैप तय किया गया है। नए ट्रैफिक सिस्टम के अनुसार, कांके से रांची आने वाले वाहन बोड़ेया तक ही जाएंगे। चाईबासा-खूंटी से आने वाली गाड़ियां बिरसा चौक तक ही जा सकेंगी। गुमला-सिमडेगा से रांची आने वाले वाहन कटहल मोड़ तक ही सीमित रहेंगे। पलामू-लोहरदगा से आने वाली गाड़ियां सिर्फ पिस्का मोड़ तक ही आ सकेंगी। गुमला-सिमडेगा से आने वाले वाहन आइटीआइ बस स्टैंड तक ही जाएंगे।

मेट्रो गली से न्यू मार्केट तक का रूट

बूटी मोड़, बरियातू मार्ग से छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे। बोड़ेया रोड से आनेवाले वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर बढ़ सकते हैं। मेट्रो गली से न्यू मार्केट तक वाहनों की अनुमति होगी। हरमू रोड में जुलूस के यू-टर्न के बाद ही रातू रोड, न्यू मार्केट चौक से कांके की तरफ या किशोरी यादव चौक की ओर वाहन जा सकेंगे।

रातू रोड की ओर प्रवेश वर्जित

बारात के दौरान पिस्का मोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का रातू रोड की ओर प्रवेश वर्जित रहेगा। शहर के अन्य मार्गों पर छोटे वाहनों का परिचालन सामान्य रूप से जारी रहेगा। यात्री नए मार्गों का पालन करें और अनावश्यक भीड़ से बचें। यातायात नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। आपातकालीन स्थिति में यातायात पुलिस की सहायता लें। आम नागरिक शिव बारात वाले रूट का कम-से-कम प्रयोग करें।

जमशेदपुर से आने वाले वाहनों के लिए इंतजाम

जमशेदपुर से रांची आने वाले वाहन दुर्गा सोरेन चौक तक ही जा सकेंगे. कांके-पतरातू से रांची आने वाले वाहन चांदनी चौक तक ही सीमित रहेंगे। बूटी मोड़ से बरियातू आने वाले वाहन केवल बूटी मोड़ तक ही आ सकेंगे बड़े वाहन, मालवाहक वाहन और सिटी राइड बसें इन मार्गों से नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगी। पंडरा पिस्का मोड़ से नगर क्षेत्र की ओर सभी भारी वाहन, मालवाहक वाहन और सिटी राइड बसों का परिचालन बंद रहेगा।

पहाड़ी मंदिर परिसर को साफ करते निगम के सफाई कर्मी ● फोटोन न्यूज

रांची नगर निगम ने महाशिवरात्रि को लेकर चलाया विशेष अभियान

तीन शिफ्ट में मंदिरों के पास कराई जा रही साफ-सफाई

PHOTON NEWS @ RANCHI

महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर रांची नगर निगम ने शहर के शिवालयों और मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने की पहल की है। इस अभियान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। नगर निगम क्षेत्र में स्थित पहाड़ी मंदिर सहित सभी प्रमुख शिवालयों और मंदिरों के आस-पास सफाई कार्य किया जा रहा है। नगर निगम ने 3 शिफ्टों में सफाई कराने का निर्देश दिया है।

मंदिर तक पहुंच पथ चकाचक

नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष सफाई अभियान के तहत शिवालयों के आस-पास के क्षेत्रों के साथ-साथ मंदिरों तक पहुंचने वाले सभी संपर्क पथों पर झाड़ू, कूड़े का उठाव, नालियों की सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव जैसे कार्य किए जा रहे हैं। यह सफाई अभियान तीन शिफ्टों में संचालित हो रहा है, ताकि अधिक से अधिक समय तक सफाई का काम सुचारू रूप से चल सके।

वाटर टैंक और चलंत शौचालय

साथ ही, रांची नगर निगम ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अन्य महत्वपूर्ण उपाय भी किए हैं। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न मंदिरों के बाहर वाटर टैंकर की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें पानी की सुविधा आसानी से मिल सके। इसके अलावा चलंत शौचालयों की व्यवस्था भी की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रांची नगर निगम ने शिवरात्रि पर यह सुनिश्चित किया है कि पर्यावरण को भी ध्यान में रखा जाए और किसी प्रकार की गंदगी या प्रदूषण न फैले।

विधायक दल की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद निर्धारित कर दिया गया काम

कांग्रेस के 4 मंत्रियों को प्रमंडल का जिम्मा विधायकों को दो-दो जिलों का प्रभार

PHOTON NEWS @ RANCHI

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को हुई थी। इसकी अध्यक्षता विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने की थी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित थे। इस बैठक में लिए गए निर्णय के तहत पार्टी के मंत्रियों को प्रमंडल का दायित्व सौंपा गया है। जबकि विधायकों को दो-दो जिलों का प्रभार दिया गया। ये विधायक प्रत्येक महीने अपनी जिम्मेदारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकों में भाग लेंगे और संगठन को जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर ग्रास रूट स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे। साथ ही वे बूथ लेवल ऑफिसर की नियुक्ति भी करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने के लिए बैठकें आयोजित करेंगे। मंत्रियों को 10 या 11 तारीख को संबंधित प्रमंडल के मुख्यालय का दौरा करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे जिला अध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक कर सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा कर सकें और जनता की शिकायतों का समाधान करवा सकें। वहीं विधायकों को जिलावार दायित्व सौंपे गए हैं।

मंत्रियों को दिए गए प्रमंडल

1. राधाकृष्ण किशोर- पलामू एवं कोल्हान प्रमंडल
2. डॉ. इरफान अंसारी- उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल
3. दीपिका पांडेय सिंह- संथाल परगना प्रमंडल
4. शिल्पी नेहा तिर्की- दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल

विधायकों की जिम्मेदारी

प्रदीप यादव को देवघर, व दुमका, राजेश कच्छप को पूर्वी सिंहभूमव जामताड़ा, डॉ. रामेश्वर उरांव को लोहरदगा व पलामू, रामचंद्र सिंह को लातेहार व गढ़वा, नमन विक्सल कोनगाड़ी को खूंटी व रांची, भूषण बाड़ा को सिमडेगा व गुमला, कुमार जयमंगल को धनबाद व कोडरमा, सोना राम सिंकू को पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला-खरसावां, ममता देवी को रामगढ़ व हजारीबाग, निशात आलम को पाकुड़ व साहेबगंज, सुरेश बैठा को गोड्डा व चतरा, श्वेता सिंह को बोकारो व गिरिडीह।

हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उद्योग सचिव

PHOTON NEWS @ RANCHI

राज्य के उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो ऑर्गेनाइज किया जा रहा है। एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है, जो न केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है बल्कि पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। उद्योग सचिव अरवा राजकमल मंगलवार को मोराहबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सचिव राजकमल ने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है, यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखाई देती है। हैंडलूम एक्सपो हर साल यहां ऑर्गेनाइज करने के लिए हम लोग एक संकल्प लेंगे और जो बुनकर समितियां हैं, उन्हें शेड बनाने से लेकर, उनके मशीन लगाने तक कई सारे सब्सिडीज सरकार के द्वारा दिया जाएगा। प्रति साल सैकड़ो की संख्या में इस तरह का सहयोगी समितियां को भी हम लोग राशि प्रदान करने का काम किया करते हैं। इस साल भी मैं आपको उम्मीद दिलाता हूं कि बजट के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को चयनित करके हम लोग इस योजना का लाभ उनको देंगे।

झारक्राफ्ट की एमडी कीर्तिश्री ने कहा कि झारक्राफ्ट की ओर से पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं। देश के विभिन्न कोने से हमारी बुनकर कम्युनिटीज ने अपना स्टॉल लगाया है।

मोरहाबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो का उद्घाटन करते उद्योग सचिव ● फोटोन न्यूज

बेड़ो में चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को दिया अंजाम

PHOTON NEWS @ RANCHI

मंगलवार को दिनदहाड़े बेड़ो में दो अलग अलग जगहों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पहली घटना प्रखंड सह स्वास्थ्य विभाग में बने सरकारी क्वार्टर में नर्स कांति देवी के घर से चोरी की। इस घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ड्यूटी समाप्त होने के बाद जब अपने क्वार्टर पहुंचीं तो देखा कि उनकी अलमारी खुली हुई थी। दस से पंद्रह हजार नकद और एक जोड़ी पायल नहीं थी। दूसरी घटना में बेड़ो के देवी टोली गांव निवासी दुलारी कच्छप के बंद घर में लगभग दिन के एक बजे अज्ञात चोरों ने नकद व जेवरात सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। दुलारी कच्छप ने बेड़ो थाना में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। बताया कि गोदरेज में रखा 20 हजार नकद और जेवरात सहित अन्य सामान नहीं था।

सीआरपीएफ की महिला कर्मचारियों को ऑर्किड ने दी सीपीआर की ट्रेनिंग

PHOTON NEWS @ RANCHI

मंगलवार को ऑर्किड मेडिकल सेंटर ने सेम्बो स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 60 से अधिक महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को हार्ट अटैक की स्थिति में क्या किया जाए इसको लेकर प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ कवल और ऑर्किड की इमरजेंसी टीम ने सभी को सीपीआर तकनीक, हृदय गति रुकने के लक्षणों की पहचान और आपातकालीन स्थितियों में उचित निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं को न केवल कार्यस्थल पर बल्कि उनके रोजमर्रा के जीवन में भी जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑर्किड का यह प्रयास समाज में लोगों को हृदय स्वास्थ्य और जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रशिक्षण देते सीआरपीएफ के जवान ● फोटोन न्यूज

भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास को ढहाने के मामले पर बोला हमला

क्या दिल्ली की तर्ज पर हेमंत झारखंड में भी बनाने जा रहे शीश महल : प्रतुल शाहदेव

PHOTON NEWS @ RANCHI

मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार पूर्व के अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार से बहुत ज्यादा प्रेरित रहती है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध भी अति मधुर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अपने लिए शीश महल बनाना शुरू किया था। अब सूचना आ रही है कि झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी का अनुसरण करने जा रहे हैं। अधिकारिक मुख्यमंत्री आवास, जिसमें पिछले ढाई दशकों में अनेक मुख्यमंत्रियों ने निवास किया, उसको भवन निर्माण प्रमंडल-1 ने टेंडर निकालकर जमींदोज कर दिया। पूरे तरीके से भवन को ढहाने का काम जारी है। प्रतुल ने कहा यह ऐतिहासिक धरोहर थी, क्योंकि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री से लेकर अनेक मुख्यमंत्री ने यहां निवास किया था।

उच्च स्तरीय बैठक का दौर जारी

प्रतुल शाहदेव ने कहा अब विभाग की लगातार उच्च स्तरीय बैठकें हो रही हैं, ताकि नए भवन का डीपीआर बन सके। जो जानकारियां मिल रही हैं, उसके अनुसार दिल्ली के शीश महल की तर्ज पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए एक सभी आधुनिक सुख सुविधा से लैस शीश महल बनाने पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज में अनेक भवनों को हेमंत सोरेन जी ने मिलाकर मुख्यमंत्री आवास बना दिया है।

मंदिर के साथ न हो छेड़छाड़

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। हनुमान मंदिर की भव्यता पर जरा सभी आंच नहीं आनी चाहिए। सरकार को यह बात सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि यह सनातनियों के आस्था से जुड़ा प्रश्न है। साथ ही कहा कि जिस प्रदेश में डेढ़ वर्षों में एक भी अबुआ आवास का गृह प्रवेश नहीं हुआ। जहां आज भी बड़ी संख्या में लोगों के सर पर छत नहीं है। ऐसे राज्य में इस तरह की अगर फिजूल खर्ची करने की सोची जा रही है तो यह प्रदेश के आदिवासी मूल निवासी जनता के साथ क्रूर मजाक होगा। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सत्ताधारी गठबंधन से मांग की कि वो रांची में बनने वाले शीश महल को लेकर स्थिति स्पष्ट करें।

पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधि के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट से अनुशंसित झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धीरज कुमार, दीपक बर्णवाल, बिरेंद्र कुमार, शिवनाथ त्रिपाठी और आशुतोष कुमार पांडेय शामिल हैं। उक्त अग्रिम वेतन वृद्धि वेतन का हिस्सा होगी और महंगाई भत्ता इसके अनुसार तय होगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा चार सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारियों को भी एलएलएम उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति दी गई है।

शरीर में सूजन और तेज धड़कन की समस्या से जूझ रही थी मरीज

रिम्स में 35 साल की महिला की हुई ओपेन हार्ट सर्जरी

- एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने दी नई जिंदगी अचानक सांस लेने में होती थी तकलीफ
- जन्म से ही महिला के हृदय में थे दो छेद
- मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया गया नि:शुल्क

PHOTON NEWS @ RANCHI

झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के कार्डियोथोरैसिक वेस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग ने पलामू जिले से आई एक 35 साल की महिला की सफल ओपेन हार्ट सर्जरी की है। महिला का हार्ट जन्म से एक गंभीर बीमारी से प्रभावित था, जिसे मेडिकल भाषा में एट्रियोवेंट्रीकुलर सेप्टल डिफेक्ट (एवीएसडी) कहा जाता है। इस बीमारी में दिल में दो तरह के छेद होते हैं-एक एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट और दूसरा वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट। इसके साथ ही माइट्रल और ट्राइकसपिड वाल्व की बनावट में भी खराबी होती है। इस बीमारी का बचपन में ही इलाज संभव था, लेकिन अब तक इलाज नहीं हो सका था। पिछले कुछ वर्षों से उसे सांस फूलने, शरीर में सूजन और तेज धड़कन की समस्या हो रही थी। महिला की ईकोकार्डियोग्राफी और कार्डियक सीटी स्कैन से एवीएसडी की पुष्टि हुई।

मरीज की स्थिति में हो रहा सुधार

सीटीवीएस विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी की। जिसमें महिला के माइट्रल और ट्राइकसपिड वाल्व का रिपेयर किया गया और दिल के दोनों छेदों को बंद किया गया। ऑपरेशन के बाद, महिला की स्थिति में सुधार देखा गया है। महिला को सीटीवीएस आईसीयू के रिकवरी वार्ड में शिफ्ट किया गया है, जहां उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

सर्जरी टीम में ये रहे शामिल

सीटीवीएस टीम का नेतृत्व डॉ. राकेश चौधरी ने किया, जबकि टीम में डॉ. शिव प्रिये, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. पूर्वा, डॉ. रवीना, डॉ. पशुपति और डॉ. प्रिया शामिल थे। ऑपरेशन और पोस्ट-ऑपरेशन देखभाल में ओटी असिस्टेंट राजेंद्र, खुशबू, सरोज, अभिषेक, सीटीवीएस आईसीयू इंचार्ज सिस्टर सुनीता, प्रिसिला, रीना, परफ्यूजनिस्ट अमित, फ्लोर स्टाफ प्रीति और सूरज ने अहम योगदान दिया।

सारंडा में पुलिस ने नक्सलियों के 2 बंकर किए ध्वस्त, हथियारों का जखीरा बरामद

सीआरपीएफ व पुलिस के संयुक्त अभियान में मिली सफलता, राइफल व गोलियों सहित अन्य सामान भी मिले

हथियारों के साथ सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारी व बरामद अन्य सामान ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को एक कामयाबी मिली है। सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान में नक्सलीयो का 2 डम्प ध्वस्त कर दिया है। यहां से पुलिस ने हथियार का जखीरा बरामद किया हैं।

पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के उग्रवादियों ने टोटों थानाअतर्गत जंगली,पहाडी क्षेत्र में हथियार गोला-बारूद छुपाकर रखा था।

सूचना मिलने पर 197 सीआरपीएफ और पुलिस के जवान टोटों थाना अंतर्गत ग्राम सरजामबुरू, तुम्बाहाका, पूर्ति टोला एवं जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली, पहाडी क्षेत्र में पहुंचे और सर्च अभियान शुरू किया। सरजामबुरू और तुम्बाहाका के पास जीम्कीइकीर वन क्षेत्र में नक्सलियों के दो डम्प को ध्वस्त किया गया।

यहां से जमीन के नीचे ड्रम में रखी गई रायफल , गोली, नक्सली वर्दी सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

इन क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई

नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस का साल 2022 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुईडा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगडा, हाथीबुरु, तिलायबेडा बोयपाईससाग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोटों थाना के ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया आदि इलाका शामिल है।

इन नक्सलियों के खिलाफ चल रहा अभियान

प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा इलाके में हैं। इन्हीं को दबोचने के लिए यह अभियान चल रहा है।

पुलिस ने ये हथियार किए हैं बरामद

एम० 16 राइफल (5.56 एम०एम०)-01, 303 बोल्ट एक्शन राइफल-05, 315 बोर राइफल-03, फैक्ट्री मेड एयर गन-01, एम० 16 राइफल का मैगजीन-02, बोल्ट एक्शन राइफल मैगजीन-05,315 बोर राइफल मैगजीन-03,5.56 एम०एम० का कारतूस-21, 7.62 एम०एम० का कारतूस 17, 315 बोर राइफल का कारतूस-267,303. बोल्ट एक्शन राइफल का कारतूस-227,वायरलैस सेट-03,बैटरी-02,नक्सली कपडा-11 थान,ऐम्युनिशन पाउच-08अन्य दैनिक उपयोग का सामान आदि।

प्रदर्शन करते ग्रामीण ● फोटोन न्यूज

जमीन अधिग्रहण के विरोध में ग्रामीणों का अर्धनग्न प्रदर्शन

CHAIBASA : अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिना ग्राम सभा किए विकास के नाम पर ग्रामीणों की जमीन के अधिग्रहण के विरोध में अर्धनग्न प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शामिल पुरुषों ने अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए बिना ग्राम सभा किए जमीन के अधिग्रहण का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुराने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जॉन मिरान मुंडा ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र के तहत आता है। यहां नियंत्रण एवं प्रशासन तथा संरक्षण का अधिकार राष्ट्रपति और राज्यपाल को है। लंबे समय से विकास के लिए आदिवासियों की जमीन बिना ग्राम सभा किए ही ली जा रही है। इन्हीं जमीनों पर यहां विभिन्न कंपनियों का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि उनका विरोध शहर से सटे 30 गांव से होते हुए रिंग रोड के निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 75 ई चाईबासा हाट गम्हरिया सड़क में आरओबी के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए पेसा कानून के तहत ग्राम सभा कराई जाए। ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही भूमि अधिग्रहण हो। भूमि अधिग्रहण के बाद आदिवासियों को जमीन का उचित मुआवजा दिलाया जाए।

जगन्नाथपुर में 407 को बस ने मारी टक्कर दो मजदूर घायल

GHATSILA : गालूडीह थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास एनएच 18 पर मंगलवार की शाम 4 बजे टाटा 407 को तीर्थ यात्रियों से भरी बस ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टाटा 407 वाहन पर सवार दो मजदूर घायल हो गए। जबकि, बस पर सवार तीर्थयात्री बाल बाल बच गए। दोनों घायल मजदूरों को हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आरएन टुडू ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को छोड़ दिया गया। ऊपर पावड़ा निवासी घायल मजदूर शंभू सिंह और सुखलाल हेंब्रम ने बताया कि वह दोनों जमशेदपुर के गोविंदपुर ईंट अनलोड करके वापस घाटशिला आ रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

जुगसलाई में युवक पर फायरिंग मामले में महिला समेत चार गिरफ्तार

मुख्य आरोपी अभी भी फरार, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस

PHOTON NEWS JSR: जुगसलाई में 16 फरवरी को हुए युवक इसरार पर फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस घटना में घायल युवक इसरार को बदमाशों ने गोली मारी थी। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्तौल, चार कारतूस, चार स्मार्टफोन और एक स्कूटी बरामद की गई है। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी गिरफ्तार बदमाशों को मीडिया के सामने पेश किया और उन्हें जेल भेज दिया है। अभी भी इस केस का मुख्य आरोपी भाकुड़ पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पत्रकारों को जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ● फोटोन न्यूज

एसआइटी ने की बदमाशों की गिरफ्तारी

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस ने जुगसलाई के गरीब नवाज कॉलोनी के रहने वाले जाहिद हुसैन उर्फ विक्की, अरमान उर्फ पतला, कदमा के शास्त्री नगर के रहने वाले समीर कालिंदी और धतकीडीह की निखत परवीन उर्फ पूजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जाहिद हुसैन उर्फ विक्की का अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने इन बदमाशों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम का नेतृत्व डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम कर रहे थे।

खरकई ब्रिज के पास से पकड़े गए बदमाश

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला और कुछ युवक खरकाई रेलवे ब्रिज के पास एक पिस्तौल के साथ घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत छापामारी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। महिला निखत परवीन उर्फ पूजा ने बताया कि जो पिस्टल उसके पास थी, वह खुर्शीद उर्फ भाकुड़ और निजाम का था। 16 फरवरी को गरीब नवाज कॉलोनी में फायरिंग के बाद खुर्शीद फरार हो गया था और उसने अपना पिस्तौल निखत को रखने के लिए दिया था। निखत ने यह पिस्तौल जाहिद, अरमान और समीर को देने के लिए लाया था, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पिस्तौल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश

JAMSHEDPUR : जुगसलाई के आरपी पटेल स्कूल के पास एक बदमाश पिस्तौल लेकर घूम रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने छापामारी करते हुए उसे धर दबोचा। इस बदमाश का नाम पिंटू सिंह है, जो जुगसलाई के छपरहिया मोहल्ले का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके पास से एक पिस्तौल और एक स्कूटी बरामद की। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पिंटू सिंह को पुलिस ने मौके से पकड़ा और उसे मेडिकल जांच के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। सिटी एसपी ने बताया कि पिंटू सिंह के बारे में जानकारी मिलने के बाद फौरन एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद जब पुलिस पिंटू को पकड़ने के लिए पहुंची तो वह भागने लगा। इस पर पुलिस कर्मियों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया।

कदमा में आपराधिक घटना की साजिश रच रहे दो बदमाश गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

घटना की जानकारी देते सिटी एसपी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : कदमा थाना क्षेत्र के रामजन्म नगर स्थित छठ घाट के पास से पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये दोनों बदमाश आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सिटी एसपी शिवाशीश कुमार ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में कदमा थाना क्षेत्र के रामजन्म नगर काली मंदिर रोड के पास का रहने वाला गणेश महतो और सरायकेला के सिहनी गांव का करण तंतुबाई शामिल हैं। करण तंतुबाई फिलहाल कदमा के रामजन्म नगर रोड नंबर 1 में अपने नाना बुद्धेश्वर तंतुबाई के घर में रह रहा है। पुलिस ने करण के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को एमजीएम अस्पताल भेजकर मेडिकल जांच करवाई और फिर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस ने यह भी बताया कि इन दोनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है, और दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं। गणेश महतो तो डेढ़ महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। गौरतलब है कि गणेश महतो की कदमा इलाके में दहशत है। इन बदमाशों की गिरफ्तारी से लोगों ने चैन की सांस ली है।

समाचार सार

दीनदयाल शिशु विद्या मंदिर में बनेगा छात्रावास

GOILKERA : दीनदयाल शिशु विद्या मंदिर गोइलकेरा में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से भगवंती देवी छात्रावास का निर्माण होगा। इसको लेकर विद्यालय परिसर में विधिवत रूप से भूमि पूजन किया गया। छात्रावास का निर्माण कार्य गुजरात के सूरत की संस्था मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कराया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा पूरे भारत में सरस्वती धाम योजना के तहत 351 विद्यालय एवं छात्रावास के निर्माण कार्य का लक्ष्य है। ट्रस्ट के धनजी भाई बनानी ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग का कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। मौके पर वनवासी कल्याण केंद्र गोइलकेरा के संरक्षक डॉ अनिल प्रधान, संरक्षक आलोक रंजन सिंह, अध्यक्ष रमेश नाग, सचिव अनंत प्रसाद गुप्ता, रांची रिम्स के डॉक्टर मनोज कोड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष अकबर खान, मुखिया गणेश बोदरा, सीताराम बेसरा, ओम जयसवाल, रामचंद्र जायसवाल, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, सुनील गुप्ता, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

पूर्णापानी में शिवलिंग की हुई प्राणप्रतिष्ठा

GHATSILA : घाटशिला प्रखंड के बड़ाजुड़ी पंचायत के पूर्णापानी गांव में मंगलवार को शिव लिंग की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। पुजारी दिव्यलोचन कर और बापी पाणिग्रही ने विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थी। देवयानी मुर्मू ने विधिवत पूजा अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गांव के लोगों को जलाभिषेक करने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान आनंद सिंह, चंद्रमोहन सिंह, राजेन सिंह, सुनील सिंह, भरत सिंह, पक्षीराज सिंह, वासुदेव सिंह,अपिन सिंह,अजित सिंह, संतोष सिंह, सुशांत गोराई, समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

खाद्य योजनाओं का लाभ हर लाभुक तक पहुंचे : डीसी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा पिल्लई हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने की। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के बारे में जागरूकता बढ़ाना और योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करना था। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि कार्यशाला योजनाओं की समीक्षा के लिए नहीं, बल्कि योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न तकनीकी और अन्य जानकारी से उपस्थित लोगों को अवगत कराने के लिए आयोजित की गई थी।

सीएससी से नकद समेत कीमती सामान ले भागे चोर

मुकरुडीह स्थित सीएससी

JAMSHEDPUR : बोड़ाम थाना क्षेत्र के मुकरुडीह में सीएससी का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपए का सामान पार कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीएससी कदमजोड़ा गांव के पारितोष महतो का है। पारितोष महतो ने बताया कि सोमवार की शाम 6:00 बजे उन्होंने काम कर-के सीएससी को बंद कर दिया था। सीएससी केंद्र में बड़ासुसनी गांव स्थित ग्रामीण बैंक का बीसी भी है। विभिन्न जगहों से लाकर तीन लाख रुपए कैश रखे गए थे। इससे लेनदेन भी किया गया था। पारितोष महतो का कहना है कि लॉगिन आईडी करके देखा जाएगा कि बैंक के ग्राहकों को कितने रुपए दिए गए। ग्राहकों को देने के बाद जो भी रुपए थे वह सब चोर पार कर ले गए हैं। इसके अलावा चोर जेरॉक्स मशीन, प्रिंटर, लैपटॉप आदि सामान भी पार कर ले गए हैं। कैश बॉक्स में ढाई लाख रुपए रखे हुए थे। इसको भी चोरों ने पार कर दिया है। घटना के बाद से मुकरुडीह में सनसनी फैली हुई है। लोगों का कहना है कि बोड़ाम पुलिस की लापरवाही से इस तरह की घटना घट रही है। पुलिस इन दिनों गश्त में कोताही बरत रही है।

शिवरात्रि पर दोमुहानी घाट पर होगी भव्य स्वर्णरेखा आरती

JAMSHEDPUR : दोमुहानी घाट पर शिवरात्रि को लेकर स्वर्णरेखा आरती का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के मनोज झा ने बताया कि जो लोग कुंभ नहीं जा सकें हैं वे स्वर्णरेखा घाट पर आरती का आनंद ले सकते हैं। इसमें बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य मोहित जी के नेतृत्व में काशी के पंडित भव्य स्वर्णरेखा आरती करेंगे। इसके साथ ही नदी पूजन भी पुरोहितों की देख रेख में होगा। संध्या 5 बजे पहले नदी पूजन होगा। इसके बाद भव्य आरती का आयोजन होगा। इस दौरान अलौकिक पुष्प वर्षा और आतिशबाजी भी की जाएगी। इस बार कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोगों के जुटने की उम्मीद है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के मनोज झा, बबुआ झा, सुरेंद्र गुप्ता, अजय मिश्रा, बबन शुक्ला, लखीन्द्र करुआ, अनिल सिंह, ईश्वर सिंह, प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी समेत आयोजन समिति के अन्य लोग उपस्थित रहे।

सीएस एग्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल कोर्स का परिणाम जारी, शहर के कई छात्र हुए सफल

PHOTON NEWS JSR : इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) की सीएस एग्जीक्यूटिव और सीएस प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया। यह परीक्षाएं 21 से 30 दिसंबर के बीच कराई गई थीं। परीक्षा में शामिल छात्र आधिकारिक वेबसाइट icsi.edu से परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं।

जमशेदपुर के कई छात्र हुए सफल : अगर जमशेदपुर की बात करें तो प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 सलेबस) में 41.67 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल-I में उत्तीर्ण हुए। मॉड्यूल-II में 46.15 प्रतिशत और मॉड्यूल-III में 16.67 प्रतिशत। इसी प्रकार प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 सलेबस) परीक्षा में जमशेदपुर शहर से 21.43 प्रतिशत

मान्या कुमारी

अभ्यर्थी मॉड्यूल-I में उत्तीर्ण हुए मॉड्यूल - II में 36.36 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। एग्जीक्यूजिव (2017 सलेबस) प्रोग्राम परीक्षा जमशेदपुर शहर में 25.93 प्रतिशत मॉड्यूल-I और 36.36 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - II में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार एग्जीक्यूजिव (2022 सलेबस) प्रोग्राम परीक्षा जमशेदपुर शहर में 12.50 प्रतिशत मॉड्यूल-I और 23.08 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - II में उत्तीर्ण हुए हैं। जमशेदपुर परीक्षा केंद्र से मान्या कुमारी, एग्जीक्यूजिव प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) ने परीक्षा में ऑल-इण्डिया चौथी रैंक प्राप्त किया है एवं जमशेदपुर शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कुल इस प्रकार रहा झारखंड का परिणाम: प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 सलेबस) में,झारखंड से मॉड्यूल - I में 43.24 प्रतिशत उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए है। वहीं मॉड्यूल -II 29.79 प्रतिशत जबकि 31.58 प्रतिशत मॉड्यूल-III में सफल हुए हैं। इसी प्रकार, प्रोफेशनल कार्यक्रम परीक्षा (पाठ्यक्रम - 2022) में, झारखंड राज्य से मॉड्यूल-' में 33.93 प्रतिशत और मॉड्यूल - कक्र में 34.00 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।

विधानसभा में विधायक सुखराम उरांव के सवाल पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दिया जवाब

आधुनिक संस्थान के तौर पर विकसित होगा जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने झारखंड विधानसभा में मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब देते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि सरकार ने महाविद्यालय चक्रधरपुर को एक आधुनिक संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड ने डीपीआर तैयार किया है। इसका जीर्णोद्धार कार्य और नए विज्ञान ब्लॉक, कला ब्लॉक और बहुउद्देशीय ब्लॉक को शामिल किया गया है। डीपीआर पर प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई चल रही है।सरकार ने महाविद्यालय के जीर्णोद्धार और नए भवनों के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने और प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई करने की बात कही है। सरकार ने महाविद्यालय को एक आधुनिक संस्थान बनाने जा रही है। विधायक ने विधानसभा को बताया कि महाविद्यालय की जर्जर हालत और छात्रों को हो रही परेशानी को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय है। इसमें इंटर और ग्रेजुएशन के तीनों संकायों को मिलाकर 7000 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय का अपना भवन नहीं होने से तत्कालीन राजा स्वर्गीय अर्जुन सिंह के महल में पढ़ाई हो रही है। क्या सरकार चक्रधरपुर के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय भवन का निर्माण कराने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? विधायक सुखराम उरांव ने महाविद्यालय की जर्जर हालत पर चिंता व्यक्त की और छात्रों को हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण कराने का आग्रह किया। इस पर नगर विकास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अर्जुन सिंह के महल परिसर को महाविद्यालय ने 1980 में खरीदा था। सरकार ने भवन का जीर्णोद्धार कराया है।

अर्का जैन की स्किल स्टार्ट-अप प्रदर्शनी में दिखा छात्रों का आत्मविश्वास, उद्यमशीलता को मिली उड़ान

JAMSHEDPUR : अर्का जैन विश्वविद्यालय के नर्सिंग स्कूल ने टोस्ट मास्टर क्लब के सहयोग से स्किल स्टार्ट अप प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना था। यह आयोजन जेईएच ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से शुरू हुआ और इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शाहीन फातमा, जो कि अर्का जैन विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश में सहायक प्रोफेसर और टोस्ट मास्टर क्लब की सक्रिय सदस्य हैं, ने छात्रों के साथ संचार और सार्वजनिक भाषण कला में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने छात्रों को प्रभावी रूप से अपने विचारों को प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया और इस दौरान एक दिलचस्प गतिविधि का संचालन भी किया, जिसने छात्रों को अपने डर पर काबू पाने और आत्म-विश्वास बढ़ाने का अवसर दिया। डॉ. शाहीन फातमा द्वारा संचालित गतिविधि ने छात्रों में रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया और उन्हें यह सिखाया कि कैसे वे बिना किसी झिझक के अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि विचारों को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के लिए आत्मविश्वास बेहद आवश्यक है।

BRIEF NEWS

भागलपुर के स्कूल में 7 बच्चे अचानक हुए बीमार

BHAGALPUR : भागलपुर जिले के परसबन्ना पंचायत स्थित मध्य विद्यालय नारायणपुर में मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रार्थना सभा के दौरान सात छात्र-छात्राएं अचानक बीमार हो गए। कुछ बच्चों को उल्टी शुरू हो गई, जबकि कुछ बेहोश होकर गिर पड़े। इस घटना से स्कूल में अफरातफरी मच गई और परिजनों को तुरंत सूचना दी गई। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान कक्षा चार की सूफी प्रवीण और कक्षा पांच की नाजिया खातून को अचानक उल्टी होने लगी। दोनों छात्राओं की हालत बिगड़ती देख वहां मौजूद अन्य छात्रों में दहशत फैल गई। शिक्षकों ने तुरंत दोनों के परिजनों को सूचना देकर घर भेज दिया। वहीं, कुछ समय बाद कक्षा सप्तम के छात्र-छात्राओं की भी तबीयत खराब होने लगी। सानिया खातून, महजबीना खातून, मनीष कुमार, अजीज, शहंशाह और अशरफ अचानक कमजोरी महसूस करने लगे।

गांधी मैदान में 'हम' का दलित समागम 28 को

PATNA : पटना के गांधी मैदान में जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा 28 फरवरी को दलित समागम करने जा रही है। पार्टी प्रमुख और बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शिरकत करेंगे। मंत्री सुमन ने कहा कि गांधी मैदान में दलित समागम में महाजुटान होने जा रहा है। पूरे प्रदेश से लाखों लोग आ रहे हैं, यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें गरीब और दलित समाज के लोग आ रहे हैं। समाज के पिछड़े गरीब लोग आकर समागम में अपने अधिकारों की बात करेंगे। अपने प्रतिनिधित्व की बात करेंगे। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा दलितों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाएगी।

जमीन सर्वे के लिए 8 प्रमंडलों में लगा सर्वर

PATNA : बिहार में जमीन सर्वे के काम में आने वाली हर परेशानी को विभाग ठीक करने में लगा है। इसी कड़ी में बिहार के 9 प्रमंडलों में से 8 प्रमंडलों के में इसके लिए अलग सर्वर लगया गया है। जो कि काम भी करने लगा है। सारण प्रमंडल का अपना सर्वर भी आज शाम से काम करना शुरू कर देगा। इस नई व्यवस्था से भूमि सर्वे के काम में और तेजी आएगी। खासकर सर्वे अमीन द्वारा तेरीज का डाटा अपलोड करने और रैयत द्वारा स्वघोषणा को ऑनलाइन अपलोड करने में आ रही समस्या दूर हो जायेगी। इससे पहले भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक कमलेश कुमार सिंह ने शास्त्रीनगर स्थित राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में आज स्वघोषणा की प्रगति की जिलावार समीक्षा की। दूसरे चरण के जिन 18 जिलों में भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू हुआ है उनमें सर्वाधिक संतोष जनक प्रगति दरभंगा जिले की रही।

महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में मुकम्मल हुई तैयारी

69 स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की प्रतिनियुक्ति

- मंदिरों और शिवालयों में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा का किया गया विशेष इंतजाम
- शिवालय सहित मेला स्थल पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी किए जाने का निर्देश

PHOTON NEWS @ ARARIYA
महाशिवरात्रि को लेकर जिले के सभी शिवालयों और मंदिरों में तैयारी जोर शोर से की जा रही है। शिवालय सहित मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया संवारा जा रहा है। कुसाकांटा के सुन्दरनाथ धाम मंदिर, मदनपुर में मदनेश्वरधाम, रानीगंज के बसेटी स्थित इन्द्रमतेश्वरधाम, फारबिसगंज के बड़ा शिवालय, शंकरपुर के शिव मंदिर, जोगबनी के शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि पर होने वाले पूजा अर्चना को लेकर परिसर में साफ सफाई, रंग रोगन के साथ ही फूलमालाओं से सजाया संवारा जा रहा है। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों और शिवालयों में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारी की है। जिला प्रशासन की ओर से 69 स्थानों को चिन्हित कर वहां मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों और बलों की प्रतिनियुक्ति की है। इसके अलावे चौक चौराहों पर पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति को लेकर डीएम अनिल कुमार और एसपी अंजनी कुमार के द्वारा संयुक्त आदेश निकाला गया है। डीजे सहित द्विअर्थी गीतों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला मुख्यालय में कंट्रोल रूम के साथ ही अररिया सदर और फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के लिए अनुमंडल प्रशासन को जिम्मेवारी सौंपी गई है। मंदिर और शिवालय सहित मौके पर लगने वाले मेला स्थल पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी किए जाने का निर्देश दिया गया है। महाशिवरात्रि के मौके पर खासकर कुसाकांटा के सुन्दरनाथ धाम मंदिर,मदनपुर स्थित मदनेश्वरनाथ धाम मंदिर, रानीगंज के बसेटी स्थित इन्द्रमतेश्वरधाम मंदिर, फारबिसगंज के बड़ा शिवालय, शंकरपुर शिव मंदिर में हजारों की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ती है। जिसमें अररिया जिला सहित पड़ोसी जिला और आबादी संख्या में नेपाल से शिव भक्त पूजा अर्चना और जलाभिषेक के लिए इन मंदिरों में पहुंचते हैं।

संस्थान के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लिया भाग, कहा-

पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक

PHOTON NEWS @ PATNA
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है। इस संस्थान का पुरातनता को संरक्षित करने और आधुनिकता की ओर निरंतर अग्रसर होने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पटना मेडीकल कालेज एवं हास्पिटल (पीएमसीएच) एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक रहा है। इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा, सेवा और समर्पण के बल पर देश-विदेश में अपना और पीएमसीएच का नाम रोशन किया है। वह मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई तरह से नुकसान होता है, जैसे इलाज में देरी, भोजन, आवास और रोजगार की समस्या। इससे बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी बोझ पड़ता है। देश भर में अच्छे चिकित्सा संस्थानों का विकेंद्रीकरण इन सभी समस्याओं को हल करने में मददगार साबित होगा। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और इंदौर जैसे शहर विशिष्ट उपचार के केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। बिहार को भी ऐसे कई केंद्र विकसित करने चाहिए। इससे न केवल बिहार के लोगों को अच्छी चिकित्सा मिलेगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच और इसके पूर्व छात्र अपने अनुभव से इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह तकनीक का युग है। चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें चिकित्सा प्रक्रिया को सरल और सटीक बना रही हैं। उन्होंने पीएमसीएच के सभी हितधारकों से नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया। कहा कि इससे न केवल इलाज आसान होगा, बल्कि डॉक्टरों का ज्ञान और दक्षता भी बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे डाक्ट शोधकर्ता, चिकित्सक, शिक्षक और परामर्शदाता भी हैं। इन सभी भूमिकाओं में वे लोगों और समाज की सेवा करते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।

पीएमसीएच के शताब्दी वर्ष समारोह में मंच पर राष्ट्रपति और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ● फोटोन न्यूज

पीएमसीएच में इलाज को आते थे दूसरे राज्यों के भी लोग : नीतीश कुमार

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का विशेष महत्व रहा है। यहां इलाज के लिए दूसरे राज्य के लोग भी आते थे। 25 फरवरी, 1925 को पीएमसीएच की स्थापना की गई थी। देश में उस समय बहुत कम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि हम इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ते थे, तब उस समय पीएमसीएच के छात्रों से जो हमारे मित्र हुआ करते थे, उनसे मुलाकात होती थी। वह मंगलवार को पीएमसीएच के बाबू सभागार में आयोजित शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे।

जलालपुर बालू घाट डकैती का आरोपी गिरफ्तार, चोरी की कार भी हुई बरामद

PHOTON NEWS @ DEHRI
रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर बालू घाट डकैती कांड के फरार आरोपित राहुल उपाध्याय को एक चोरी के कार साथ सोमवार रात राजपुर नासरीगंज मार्ग से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर आधे दर्जन के अधिक अपराधिक मामले दर्ज है।
एसपी रौशन कुमार के अनुसार गत 17 जनवरी की रात बालू घाट में लगभग एक दर्जन अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। इस कांड के उद्वेदन के लिए एसडीपीओ बिक्रमगंज के

नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। विशेष टीम द्वारा कांड में संलिप्त दयाशंकर कुमार, राहुल कुमार, अजीत कुमार उर्फ बनरा ,अमन कुमार ,अनीश कुमार व दीपक कुमार को लूट गए 40हजार रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो बाइक के साथ गत 19 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि कांड के अनुसंधान व घटनास्थल पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से नासरीगंज थाना क्षेत्र के बरडीहा निवासी राहुल उपाध्याय उर्फ बाबा की भी संलिप्त पाई गई थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। सोमवार रात उसके राजपुर मार्ग से नासरीगंज आने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा राहुल को चोरी के एक शिफ्ट डिजायर कार बीआर01 इबी 7347 के साथ गिरफ्तार किया गया। कार को जब्त किया गया है। इस संबंध में अलग से नासरीगंज थाना में प्राथमिकी किया गया है। सकी भी जांच की जा रही है।

लैंड फॉर जॉब : लालू परिवार को 11 मार्च को पेश होने का नोटिस

PATNA : दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को लैंड फॉर जॉब्स मामले में कोर्ट ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उइकद्वारा दायर फाइनल चार्जशीट पर विचार करते हुए लालू यादव, उनके बड़े बेटे तेजप्रताप और बेटी हेमा यादव समेत अन्य आरोपियों को 11 मार्च को अदालत में उपस्थित होने का आदेश जारी किया है। इस केस में कुल 79 व्यक्तियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। जिसमें 30 लोक सेवक शामिल हैं। पहले से ही मामले का फैसला सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन आज की कार्यवाही ने मामले में नया मोड़ ला दिया है।

लालू यादव और तेजस्वी पर एक बार फिर बरसे जदयू नेता नीरज कुमार

PHOTON NEWS @ PATNA
सीएम नीतीश की पार्टी जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने आज मीडिया कंपनी से बात करते हुए आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। आरजेडी की चुनौती पर पलटवार करते हुए नीरज कुमार ने कहा कि आरजेडी को ज्ञान का अभाव है। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष, जेडीयू के अध्यक्ष, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष, हम के अध्यक्ष और आरएलएम के अध्यक्ष, यानी बिहार में जो एनडीए के पांच दल हैं उनके प्रदेश अध्यक्ष पहले ही इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही 2025 का

बिहार विधानसभा चुनाव एनडीए लड़ेगा। 2025 से 2030 फिर से नीतीश।

जेनिथ पब्लिक स्कूल में सात सौ से अधिक बच्चों का हुआ हेल्थ चेकअप

बच्चों की आंख, नाक, कान, गला, त्वचा आदि की हुई जांच

PHOTON NEWS @ ARARIYA
जोगबनी के जेनिथ पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य जांच को लेकर मंगलवार को हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सात सौ से अधिक बच्चों के आंख, नाक, कान, त्वचा, दांत, गला आदि की जांच चिकित्सकों के द्वारा की गई। नेपाल के विराटनगर के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल के चिकित्सक डॉ बबीता साह,डॉ विवेक साह,डॉ विजॉय साह,डॉ रुखसार प्रवीण,डॉ चंदन भारती, डॉ देविका चौलगाई, अलीना पौडेल,नेहा चौधरी,जितेंद्र कुमार मेहता, कामेश्वर पंडित, डॉ देओप्रणा देवी राय आदि ने बच्चों के आंख, नाक, कान, गला, त्वचा आदि की जांच करते हुए मेडिकल चिकित्सीय परामर्श दिया। मौके पर स्कूल की प्राचार्या कविता खान ने बताया कि स्कूल प्रबंधन पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आई है। यही कारण है कि बीच बीच में इस तरह के हेल्थ चेकअप कैम्प लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की साथ स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरूक करने की दिशा में काम किया जाता है।

पहली बार पटना पहुंची मोनालिसा, दो शब्दों में किया अभिवादन

PATNA : महाकुंभ 2025 में रुद्राक्ष की माला बेचने आई मोनालिसा ने कभी नहीं सोचा होगा कि वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाएगी। अनोखी भूरी आंखों और मुस्कान की वजह से मोनालिसा काफी पॉपुलर हो गई। उनके रील्स देखते ही देखते वायरल होने लगे। अत्यधिक ध्यान और भीड़ से परेशान होकर मोनालिसा को उसके परिवार ने वापस घर भेज दिया। उनकी लोकप्रियता यहीं नहीं रूकी, उन्हें एक फिल्म में काम करने का भी ऑफर मिल गया। अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आ रही है। निर्देशक सनोज मिश्रा के साथ मोनालिसा पहली बार पटना पहुंची। उन्होंने पटना पहुंचते ही कहा- नमस्ते पटना।

राजद एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करने का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने भी एमएलसी सुनील सिंह पर लगे आरोप को सही ठहराया : विजय चौधरी

PHOTON NEWS @ PATNA
बिहार सरकार में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज यह राजद एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करने के निर्णय पर कहा कि बिहार विधान परिषद् द्वारा सदस्य सुनील सिंह को अयोग्य घोषित करने के मामले में जो तथ्य सामने आए हैं, उनके अनुसार उच्चतम न्यायालय ने उनके विरुद्ध लगाए आरोप को सही ठहराया है। सिर्फ सजा की मात्रा अधिक होने के कारण उसे कम करते हुए फैसले की तिथि से

उन्हें राहत दी है।
विजय चौधरी ने कहा कि साथ ही सुप्रीमो कोर्ट ने बीते सात महीने जब उनकी सदस्यता निरर्हित रही है, उसे उनके दोष के लिए सजा के रूप में माना है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सदस्य का सदन में उनका आचरण अशोभनीय एवं घृणित था। यह बात जोर देकर कही गई है कि यह फैसला उन पर लगे आरोप से उन्हें मुक्त नहीं करता है, बल्कि उन्हें चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि वे भविष्य में ऐसा आचरण नहीं कर सकते हैं। विजय चौधरी ने कहा कि अतः ये तो किसी के समझने की बात है कि न्यायालय ने किसे सही एवं किसे गलत कहा है।

न्यायालय का आदेश | फुलवरिया जलाशय परियोजना रजौली में कई विस्थापितों को नहीं मिला जमीन का मुआवजा

नवादा समाहरणालय को किया जाएगा कुर्क

- नवादा व्यवहार न्यायालय के सब जज प्रथम आशीष रंजन की अदालत ने नवादा समाहरणालय और जिला अतिथि गृह भवन को कुर्क करने का दिया है आदेश

2015 में 10 लाख 27 हजार 388 रुपये का करना था भुगतान

नवादा समाहरणालय और जिला अतिथि गृह भवन में ढोल बजाकर नवादा व्यवहार न्यायालय कर्मी ने वादी के अधिवक्ता रंजीत पटेल के साथ कुर्क का इश्तेहार चिपकाया। बता दें कि वादी के पक्ष से अधिवक्ता रंजीत कुमार पटेल इस मामले को देख रहे हैं। बिहार सरकार की उदासीनता के कारण साल 2015 में इस मामले में 10 लाख 27 हजार 388 रुपये 27 पैसे का भुगतान किया जाना था, जो भुगतान नहीं किए जाने के कारण प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत सूद की राशि के साथ भुगतान करना होगा, जो लगभग 25 लाख रुपये राशि भुगतान करना होगा। राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर नवादा समाहरणालय और जिला अतिथि गृह भवन की नीलामी का आदेश दिया जाएगा। न्यायालय के आदेश से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। अब देखना है कि सरकार इस मामले में क्या निर्णय ले पाती है।

PHOTON NEWS @ NAVADA
देश संविधान और कानून से चलता है और उसके लिए न्यायालय है। ऐसे ही एक मामले में न्यायालय ने संज्ञान लिया है। नवादा व्यवहार न्यायालय के सब जज प्रथम आशीष रंजन की कोर्ट ने मंगलवार को नवादा समाहरणालय और जिला अतिथि गृह भवन को कुर्क करने का आदेश दिया है। फुलवरिया जलाशय परियोजना रजौली में कई विस्थापितों की जमीन का मुआवजा अब तक नहीं दिया गया हैं, जिसको लेकर नवादा व्यवहार न्यायालय में कई वाद दर्ज हैं। नवादा व्यवहार न्यायालय सब जज प्रथम आशीष रंजन ने इजराइ वाद संख्या 3/2002 में शांति देवी वगैरह बनाम बिहार सरकार वगैरह जिला समाहर्ता नवादा, कार्यपालक अभियंता फुलवरिया जलाशय परियोजना रजौली नवादा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह विशेष भूअर्जन पदाधिकारी नवादा मामले में नवादा समाहरणालय और नवादा परिसदन भवन (जिला अतिथि गृह भवन) को कुर्क करने का आदेश दिया गया है।

पांच मिनट के अंतराल पर पति-पत्नी का निधन

MUZAFARPUR : गोबरसही स्थित श्रीनगर कॉलोनी निवासी 97 वर्षीय सेवानिवृत्त एडीएम देवव्रत प्रसाद व उनकी पत्नी 90 वर्षीया चंद्रलेखा श्रीवास्तव का पांच मिनट के अंतराल में हो गया। सोमवार की सुबह पहले देववत प्रसाद का निधन हुआ। इसके बाद उनकी पत्नी का। दोनों का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र मुन्ना ने दी। मुन्ना ने बताया कि पिता गायत्री परिवार से जुड़े हुए थे। कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। माता की उम्र भी अधिक थी, लेकिन वह बहुत बीमार नहीं थी। दोनों का एक साथ चले जाना बहुत दुखद है। इनके निधन पर उत्पल रंजन, पंकज प्रकाश, गौतम आनंद, चिरंजीवी अन्नू, वार्ड पार्षद सुषमा देवी, अमित सहाय, अमित प्रकाश श्रीवास्तव व ममता वर्मा ने निधन पर शोक जताया।

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

PHOTON NEWS @ PATNA
बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्य पक्षी महोत्सव कलरव 2025 का आयोजन नागी नकटी पक्षी अभयारण्य में 27 और 28 फरवरी को किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अरण्य भवन, पटना से बाइक रैली को वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नागी पक्षी अभयारण्य, जमुई तक जाएगी और पक्षी संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर कहा कि कलरव महोत्सव का उद्देश्य बिहार की समृद्ध जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बिहार

में पक्षियों की अनेक दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। इस तरह के आयोजन से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य पक्षी महोत्सव कलरव 2025 राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो प्रदेश में पक्षी संरक्षण को प्रोत्साहित करती है। इस आयोजन में विशेषज्ञों, प्रकृति प्रेमियों और शोधकताओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह एक पर्यावरण हितैषी और पर्यटन को बढ़ावा देने वाला महोत्सव है।

शिवलिंग-ज्योतिर्लिंग का रहस्य

डॉ. जंगबहादर पाण्डेय 'तारेश'
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी-विभाग
रांची विश्वविद्यालय

शिव देवाधिदेव हैं, इसीलिए महादेव हैं। भक्तों के लिए भोले और शत्रुओं के लिए भाले हैं। आमतौर पर शिवलिंग को गलत अर्थों में लिया जाता है, जो कि अनुचित है या उचित यह हम नहीं जानते। वायु पुराण के अनुसार, प्रलयकाल में समस्त सृष्टि जिसमें लीन हो जाती है और पुनः सृष्टिकाल में जिससे प्रकट होती है, उसे लिंग कहते हैं। इस प्रकार विश्व की संपूर्ण ऊर्जा ही लिंग का प्रतीक है। वस्तुतः यह संपूर्ण सृष्टि बिंदु-नाद स्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। यही सबका आधार है। बिंदु एवं नाद अर्थात शक्ति और शिव का संयुक्त रूप ही तो शिवलिंग में अवस्थित है। बिंदु अर्थात ऊर्जा और नाद अर्थात ध्वनि। यही दो संपूर्ण ब्रह्मांड का आधार है। इसी कारण प्रतीक स्वरूप शिवलिंग की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्मांड का प्रतीक ज्योतिर्लिंग शिवलिंग का आकार-प्रकार ब्रह्मांड में घूम रही हमारी आकाश-गंगा की तरह है। यह शिवलिंग हमारे ब्रह्मांड में घूम रहे पिंडों का प्रतीक है, कुछ लोग इसे यौनांगों के अर्थ में लेते हैं और उन लोगों ने शिव की इसी रूप में पूजा की और उनके बड़े-बड़े पंथ भी बन गए हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने धर्म को सही अर्थों में नहीं समझा और अपने स्वार्थ के अनुसार धर्म को अपने सांचे में ढाला। शिवलिंग का अर्थ है भगवान शिव का आदि-अनादि स्वरूप। शून्य, आकाश, अनन्त, ब्रह्माण्ड और निराकार परमपुरुष का प्रतीक होने के कारण इसे लिंग कहा गया है। 'स्कंद पुराण' में कहा है कि आकाश स्वयं लिंग है। धरती उसका पीठ या आधार है और सब अनन्त शून्य से पैदा हो उसी में लय होने के कारण इसे लिंग कहा है। वातावरण सहित घूमती धरती या सारे अनन्त ब्रह्माण्ड (ब्रह्मांड गतिमान है) का अक्स/धुरी ही लिंग है। पुराणों में शिवलिंग को कई अन्य नामों से भी संबोधित किया गया है जैसे- प्रकाश स्तंभ लिंग, अग्नि स्तंभ लिंग, उर्जा स्तंभ लिंग, ब्रह्मांडीय स्तंभ लिंग आदि। लेकिन बौद्धकाल में धर्म और धर्म-ग्रंथों के बिगाड़ के चलते लिंग को गलत अर्थों में लिया जाने लगा जो कि आज तक प्रचलन में है।

ज्योतिर्लिंग ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति के संबंध में पुराणों में अनेक मान्यताएं प्रचलित हैं। वेदानुसार ज्योतिर्लिंग यानी 'व्यापक ब्रह्मात्मलिंग' जिसका अर्थ है 'व्यापक प्रकाश'। जो शिवलिंग के 12 खंड हैं। शिवपुराण के अनुसार ब्रह्म, माया, जीव, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी को ज्योतिर्लिंग या ज्योति पिंड कहा गया है।

आसमानी पत्थर ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार विक्रम संवत के कुछ सहस्राब्दी पूर्व संपूर्ण धरती पर उल्कापात का अधिक प्रकोप हुआ। आदि मानव को यह रुद्र (शिव) का आविर्भाव दिखा। जहां-जहां ये पिंड गिरे, वहां-वहां इन पवित्र पिंडों की सुरक्षा के लिए मंदिर बना दिए गए। इस तरह धरती पर हजारों शिव मंदिरों का निर्माण हो गया। उनमें से प्रमुख थे 108 ज्योतिर्लिंग। शिव पुराण के अनुसार उस समय आकाश से ज्योति पिंड पृथ्वी पर गिरे और उनसे थोड़ी देर के लिए प्रकाश फैल गया। इस तरह के अनेक उल्का पिंड आकाश से धरती पर गिरे थे। हजारों पिंडों में से प्रमुख 12 पिंड को ही ज्योतिर्लिंग में शामिल किया गया। हालांकि कुछ ऐसे भी ज्योतिर्लिंग हैं, जिनका निर्माण स्वयं भगवान ने किया। गौरतलब है कि हिंदू धर्म में मूर्ति की पूजा नहीं होती, लेकिन शिवलिंग और शालिग्राम को भगवान का विग्रह रूप माना जाता है और पुराणों के अनुसार भगवान के इस विग्रह रूप की ही पूजा की जानी चाहिए। शिवलिंग जहां भगवान शंकर का प्रतीक है तो शालिग्राम भगवान विष्णु का।

शिव' का अर्थ है 'परम कल्याणकारी शुभ' और 'लिंग' का अर्थ है- 'सृजन ज्योति'। वेदों और वेदान्त में लिंग शब्द सूक्ष्म शरीर के लिए आता है। यह सूक्ष्म शरीर 17 तत्वों से बना होता है। 1- मन, 2- बुद्धि, 3- पांच ज्ञानेन्द्रियां, (आंख,कान,नाक,जीभ और त्वचा) 4- पांच कर्मेन्द्रियां (हाथ,पैर ,मुख, लिंग और गुदा) और पांच वायु (व्यान,समान,अपान,उदान और प्राण)। भ्रकुटी के बीच स्थित हमारी आत्मा या कहें कि हम स्वयं भी इसी तरह है। बिंदु रूप। लिंग के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और ऊपर प्रणवाख्य महादेव स्थित हैं। केवल लिंग की पूजा करने मात्र से समस्त देवी देवताओं की पूजा हो जाती है। लिंग पूजन परमात्मा के प्रमाण स्वरूप सूक्ष्म शरीर का पूजन है। शिव पुराण में शिवलिंग की पूजा के विषय में जो तथ्य मिलता है वह तथ्य इस कथा से अलग है। शिव पुराण में शिव को संसार की उत्पत्ति का कारण और परब्रह्म कहा गया है। इस पुराण के अनुसार भगवान शिव ही पूर्ण पुरूष और निराकार ब्रह्म हैं। इसी के प्रतीकात्मक रूप में शिव के लिंग की पूजा की जाती है। भगवान शिव ने ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता को लेकर हुए विवाद को सुलझाने के लिए एक दिव्य लिंग (ज्योति) प्रकट किया था। इस लिंग का आदि और अंत ढूंढते हुए ब्रह्मा और विष्णु को शिव के परब्रह्म स्वरूप का ज्ञान हुआ। इसी समय से शिव के परब्रह्म मानते हुए उनके प्रतीक रूप में लिंग की पूजा आरंभ हुई।

प्रभु श्रीराम ने लंका विजय के पूर्व समुद्र तट पर रामेश्वरम में शिव लिंग की स्थापना की थी और कहा था-

लिंग थापी बिधिवत करि पूजा।
सिव समान प्रिय मोहि न दूजा।
बिनु छल विश्वनाथ पद नेहू।
राम भक्त कर लक्षण एहू।

जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वननीति

ANALYSIS

डॉ. प्रवीण गुगनानी

दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम सीएसआर एवं कंपनी एनवायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे। नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी।

वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम सीएसआर एवं कंपनी एनवायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे। नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएं सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए, जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियां,

रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियां देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियां आदि; राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो। नई वन नीति में जिसे बिगड़े वन कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियां कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी। प्रत्येक ऐसे वृक्ष को जिससे आर्थिक लाभ नहीं होता है या कम लाभ होता है, उसे कुल्हाड़ी की बलि चढ़ाकर वहां व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मूल्यवान पेड़ लगा दिए जाएंगे। लाभमात्र के मूलमंत्र से पारिस्थितिकी संतुलन व ईको सिस्टम समाप्त होगा। वनों में ये कंपनियां बेतहाशा इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी, यह लाभप्रद तो अवश्य ही होगा किंतु इसके गंभीर साइड इफेक्टस भी हो सकते हैं। आशंका है कि वनों को लेकर अंधाधुंध दोहन की या केवल लाभ की नीति से पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के समय भी इस प्रस्ताव को लाया गया था जो बाद में फाइलों में बंद हो गया। फाइलों में बंद इस जिन्न को मप्र वन विभाग के नौकरशाहों ने पुनः बाहर निकाला है। यद्यपि यह मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की संवेदनशीलता ही है कि सरकार ने अभी एकतरफा निर्णय नहीं लिया है तथापि मुख्यमंत्री को जनजातियों के प्रति असंवेदनशील, वन नीति से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कुछ ही दिन पहले एक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभाओं को अपने परंपरागत वन क्षेत्र के पुनर्निर्माण, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार देने का निर्णय हुआ था। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने इस वन नीति के प्रारूप को अभी सहमति नहीं दी होगी। मप्र शासन ने नई वननीति के संदर्भ में जनता से सुझाव व आपत्तियां मांगी हैं। सभी पर्यावरणविदों को सुझाव देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि शासकीय आय बढ़ाने के इस उपक्रम को वन शोषण का धत्कर्म बना दिया जाए। वन विकास के नाम पर कहीं हमारे वन, व्यवसाइयों व दलालों की भेंट न चढ़ जाएं। मप्र की जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों को देखते हुए नीति में वांछनीय परिवर्तन या संपूर्णतः अस्वीकृत भी किया जा सकता है। मप्र की भाजपा सरकार की ओर से यह शुभ संकेत है और एक अवसर भी। वस्तुतः स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 में यह निष्कर्ष था कि मध्यप्रदेश, 97 हजार वर्ग किमी वनक्षेत्र वाला देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसमें यह तथ्य भी उभरकर आया था कि 2021 की तुलना में 2023 में मप्र में 612 वर्ग किमी जंगल कम हो गए हैं। मप्र में चालीस प्रतिशत से कम घनत्व वाले वनों को बंजर भूमि या ओपन फॉरेस्ट कहा गया है। इस वनभूमि को ही निजी क्षेत्रों में देना प्रस्तावित है। मप्र सरकार का लक्ष्य इस बंजर भूमि पर वनक्षेत्र बढ़ाना है। किंतु इस लक्ष्य के पीछे कहीं उद्योगपति इनका शोषण न करने लग जाएँ। इस हेतु शासकीय व सामाजिक विजिलेंस का एक बड़ा नेटवर्क निर्मित करना होगा। ग्राम समितियों को नई नीति में शासन की आंख, कान, नाक बनाकर सोशल विजिलेंस का नया उदाहरण समूचे देश के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रस्तावित ड्राफ्ट के पहले भाग में सीएसआर और सीईआर (कॉपोरेट एन्वायरमेंट रिस्पांसबिलिटी) निधि से वन विकास का उल्लेख है। दूसरे भाग में निजी निवेश से ओपन फारेस्ट के विकास का लक्ष्य है। यह ड्राफ्ट रोजगार सृजन, राजस्व की सृजन आदि विषय में भी अस्पष्ट है। एक सुझाव यह भी है कि नई वन नीति समूचे मप्र हेतु एक जैसी न बने। इस नीति को क्षेत्रवार, भौगोलिक विशेषताओं, विशिष्टताओं, वनीय बंधुओं की आवश्यकतानुसार, वनीय बंधुओं की परंपराओं आदि को ध्यान में रखकर वनीय बंधुओं के रोजगार सृजन के लक्ष्य, वनवासी बंधुओं के विस्थापन-स्थापन की सधी हुई दृष्टि से निर्मित करना होगा। मप्र की नई वननीति व्यवसाय नहीं अपितु वनवासी समाज केंद्रित हो, यह ध्यान में रखना ही होगा।

विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है, जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थायी तंत्र विकसित नहीं किया जाता है, जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्ल यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है, तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। इसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्र के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगलसराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी।

Social Media Corner

सच के हक में...

एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। राज्य की गतिशील कार्यबल और तीव्र वृद्धि इसे एक अग्रणी निवेश गंतव्य में बदल रही है।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से ऊपर उठाकर विकासशील राज्य बनाया। आज राज्य भारत की प्रेरक शक्ति है। भोपाल में मोदी जी द्वारा उद्घाटन किए गए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के समापन समारोह को शामिल हुआ।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

जेएसससी-सीजीएल और मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक की घटना ने झारखंड के लाखों होनहार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। सदन के बाहर एनडीए विधायकों के साथ पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच और जनहित के मुद्दों पर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर युवाओं को न्याय देने की मांग की। भाजपा एनडीए गठबंधन पूरी ताकत के साथ सड़क से लेकर सदन तक हेमंत सरकार के कुशासन का मुंहतोड़ जवाब देगी।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

ठीक नहीं विदेशी रक्षा सामग्री पर निर्भरता

